दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 122
कोटद्वार सोमवार
28 अगस्त 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## चांद के बाद अब सूर्य अध्ययन को इसरो तैयार, सितंबर के पहले हफ्ते लांच होगा आदित्य एल–1

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने कहा है कि पहला आदित्य एल1 सौर मिशन सितंबर के पहले सप्ताह में लांच किया जाएगा। एस. सोमनाथ ने यहां हवाईअड्डे पर संवाददाताओं से कहा,"आदित्य एल1 उपग्रह तैयार है। यह श्रीहरिकोटा पहुंच गया है और पीएसएलवी से जुड़ गया है। इसरो और देश का अगला लक्ष्य इसका प्रक्षेपण है। प्रक्षेपण सितंबर के पहले सप्ताह में होगा।"उन्होंने कहा कि अगले दो दिनों में इसके प्रक्षेपण की तिथि की घोषणा की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रक्षेपण के बाद आदित्य एल1 अण्डाकार कक्षा में जाकर 120 दिनों में अपने निर्धारित बिंदु तक पहुंचेगा। एस. सोमनाथ ने बताया कि आदित्य एल1 सूर्य का अध्ययन करने वाली पहली अंतरिक्ष–आधारित भारतीय वेधशाला होगी और इस मिशन से वैज्ञानिकों को वास्तविक समय में सौर गतिविधियों और अंतरिक्ष मौसम पर उनके प्रभाव का अध्ययन करने में मदद मिलेगी।

## फतेहपुर में गुलदार पकड़े को लगाए तीन पिंजरे

**हल्द्वानी।** फतेहपुर क्षेत्र में सक्रिय गुलदार अब तक वन विभाग की पकड़ में नहीं आया है। इस वजह से लोग शाम को घर से बाहर निकलने से भी डर रहे हैं। इसे देखते हुए वन विभाग ने गुलदार को पकड़ने के लिए तीन पिंजरे लगा दिए हैं। उसे ट्रेंकुलाइज करने के लिए भी टीम तैयार है। कुछ दिनों पहले क्षेत्र में एक गन्ने के खेत में गुलदार दिखा था। इसके बाद से फतेहपुर रेंज की टीम गुलदार की तलाश में जुटी है। टीम ने गन्ने के खेत में गुलदार की लोकेशन लेने के लिए ड्रोन भी उड़ाया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। अब वन विभाग ने गन्ने के खेत के आसपास तीन पिंजरे लगा दिए हैं। ताकि जल्द से जल्द गुलदार को पकड़ा जा सके। फतेहपुर रेंज के रेंजर केआर आर्या ने बताया कि शनिवार को गुलदार एक बार फिर दिखा था, इसे देखते हुए एक और पिंजरा लगा दिया गया है।

## एमपी में दलित युवक की पीटकर हत्या, खड़गे बोले– वंचितों के पैर धोकर अपना गुनाह छिपाते हैं सीएम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मध्य प्रदेश के सागर में दलित युवक की पीठ पीठ कर हत्या के मामले पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि भाजपा ने राज्य को दलित अत्याचार की प्रयोगशाला बना दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने ट्वीट करते हुए कहा "मध्य प्रदेश के सागर ज़िले में एक दलित युवक की पीट–पीट कर हत्या कर दी गई। गुंडों ने उसकी मां को भी नहीं बख़्शा। सागर में संत रविदास मंदिर बनवाने का ढोंग रचने वाले प्रधानमंत्री मध्य प्रदेश में लगातार होते दलित व आदिवासी उत्पीड़न एवं अन्याय पर चूं तक नहीं करते। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री केवल कैमरे के सामने वंचितों के पैर धोकर अपना गुनाह छुपाने की कोशिश करते हैं।"उन्होंने आगे कहा "भाजपा ने मध्य प्रदेश को दलित अत्याचार का प्रयोगशाला बना रखा है। भाजपा शासित मध्य प्रदेश में दलितों के ख़िलाफ़ अपराधों का रेट सबसे ज़्यादा है और राष्ट्रीय औसत से भी तीन गुना है।

# हमारे रगों में रचा–बसा है वसुधैव कुटुम्बकम का भाव: नड्डा

**देहरादून।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा ने कहा कि वैचारिक पृष्ठभूमि के अंतर्गत हर भारतीय के रगों में वसुधैव कुटुम्बकम् की भाव रचा बसा है। भारत इन दिनों सम्पूर्ण विश्व में एक पृथ्वी, एक परिवार एवं एक भविष्य की दिशा में मानवता के लिए कार्य कर रहा है। भारत की सोच विकास को प्राप्त करना है और साथ ही अपनी विरासत को संभाल कर रखना है। श्री नड्डा, हरिद्वार स्थित देवसंस्कृति विश्वविद्यालय में आयोजित जी–२० की थीम वसुधैव कुटुम्बकम् विषय पर आयोजित विशेष व्याख्यानमाला को संबोधित कर रहे थे। मुख्य अतिथि श्री नड्डा ने कहा कि पूज्य आचार्यश्री जी जैसे विरले लोग हैं, जिन्होंने करोडों लोगों के जीवन में बदलाव के लिए कार्य किया है। आचार्यश्री के सामाजिक आध्यात्मिक आंदोलन हम बदलेंगे युग बदलेगा जैसे आदर्श वाक्य को अपना कर मैंने जीवन में बहुत कुछ पाया है। श्री नड्डा ने कहा कि देवसंस्कृति विश्वविद्यालय में योग, आयुर्वेद आदि विषयों में हो रहे रिचर्स मानवता के विकास की दिशा महत्त्वपूर्ण पहल है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पूज्य आचार्य श्री ने हम बदलेंगे युग बदलेगा का मंत्र देकर समाज में जो जन जागृति लाने का पुनीत कार्य किया, इसके लिए आने वाली पीढ़ियाँ सदैव उनकी ऋणी रहेंगी। शांतिकुंज ज्ञान चेतना की गंगोत्री है। उन्होंने कहा कि पूज्य आचार्यश्री ने गायत्री माता व यज्ञ को घर–घर स्थापित करने और सनातन संस्कृति को पुर्नभाषित किया, साथ ही उनके सिद्धांतों पर गायत्री परिवार द्वारा साधना,




शिक्षा, स्वावलंबन, महिला सशक्तिकरण, जनशक्ति का संरक्षण और युवाओं को संगठित करने का कार्य किया जा रहा है, यह अतुलनीय है। मुख्यमंत्री ने जी–20 की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया।इससे पूर्व देसंविवि के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि एकता, समता, सुचिता व्यक्ति के व्यक्तित्व का निर्माण करता है। भारतीय इतिहास को हमारे ऋषियों ने संवारा है। उन्होंने कहा कि हम रहें या न रहें, लेकिन देश हमेशा रहेगा, इसलिए देश के गौरव व उत्थान के लिए हर संभव कार्य करना चाहिए।

इससे पूर्व श्री नड्डा व श्रीमती मल्लिका नड्डा आदि ने विवि परिसर में लालचंदन का पौधा रोपे। पश्चात उन्होंने प्रज्ञेश्वर

### ज्ञान चेतना की गंगोत्री है शांतिकुंज: मुख्यमंत्री

महादेव की पूजा अर्चना की। श्री नड्डा, श्रीमती नड्डा व मुख्यमंत्री ने शौर्य दीवार पर पुष्पांजलि अर्पित कर देश की रक्षा में अपने सवोच्च बलिदान करने वाले सैनिकों की शहादत को नमन किया। पश्चात भारत के प्रथम बाल्टिक सेंटर का अवलोकन किया।भाजपा अध्यक्ष श्री नड्डा जी, मुख्यमंत्री धामी जी एवं मंचासीन अतिथियों को स्मृति चिह्न, युगसाहित्य, गंगाजली आदि भेंटकर सम्मानित किया। वियतनामी भाषा में पुस्तक मैं क्या हूं आदि सहित ईन्यूज लेटर रिनांसा, इंटरडिसप्लीनरी जनरल आफ यज्ञ रिचर्स आदि का विमोचन किया।इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष–श्री महेन्द्र भट्ट, प्रदेश प्रभारी भाजपा–श्री दुष्यंत कुमार गौतम, सांसद–डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, प्रदेश सहप्रभारी–श्रीमती रेखा वर्मा, सांसद– श्री नरेश बंसल, सांसद–डॉ कल्पना सैनी, केबीनेट मंत्री–डॉ. धनसिंह रावत, मंत्री–श्री सौरभ बहुगुणा, विधायक श्री मदन कौशिक, मेयर ऋषिकेश श्रीमती अनिता ममगई सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।इसके पश्चात श्री नड्डा जी सपरिवार गायत्री तीर्थ शांतिकुंज पहुंचे और अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुखद्वय श्रद्धेय डॉ प्रणव पण्ड्या जी एवं श्रद्धेया शैलदीदी से भेंटकर आशीष व मार्गदर्शन प्राप्त किया। पश्चात उन्होंने युगऋषि के पावन समाधि में पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्र के विकास एवं समृद्धि की कामना की।

# मुख्यमंत्री सीएम धामी ने तकनीकि संस्थानों के वैज्ञानिकों से संवाद कर उन्हें सम्मानित किया

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिह धामी ने कहा कि मिशन चंद्रयान–3 से जुड़े हमारे वैज्ञानिकों ने सिद्ध कर दिया है कि मनुष्य अनंत ऊर्जा का भण्डार तथा असीम क्षमतावान है। उन्होंने इस ऐतिहासिक सफलता के लिए वैज्ञानिकों के साथ इस अभियान से जुड़े सभी सहयोगियों को भी बधाई देते हुए कहा कि इस मिशन की सफलता में उनकी कौशल क्षमता, आत्मविश्वास, धैर्य संयम आदि का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि अब चन्दा मामा दूर के नहीं हमारे पास के, हमारे घर के हो गये है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस दिन यह इतिहास बना उस दिन स्कूली बच्चों के साथ वे इसके साक्षी बने थे। यह भी कारण रहा कि चाहते हुए भी वे उस दिन इस संस्थान में आकर वैज्ञानिकों से नहीं मिल पाये। शनिवार को इण्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग (आई.आई.आर.एस) में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस संस्थान के साथ ही देहरादून एवं मसूरी स्थित केन्द्र एवं राज्य के विभिन्न वैज्ञानिक एवं तकनीकि संस्थानों के वैज्ञानिकों से संवाद कर उन्हें सम्मानित भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री युवा वैज्ञानिकों से भी संवाद कर उनसे भी विचार साझा किये। मुख्यमंत्री ने संस्थान परिसर में पौधरोपण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन तथा हमारे वैज्ञानिकों के अथक प्रयासों से हमारे देश ने दुनिया में पहचान बनाई है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री मोदी को आधुनिक भारत का शिल्पी बताते हुए कहा कि उन्होंने विज्ञान व खेल सहित अन्य विभिन्न क्षेत्रों में हमारे लोगों का हौसला बढ़ाकर सफलता दिलाई है तथा आत्मविश्वास जगाया है। यह भविष्य में भारत के मिशन आदित्य सहित अन्य मिशनों में निश्चित रूप से सफलता प्राप्त करने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में आने वाले समय में भारत विश्वगुरू बनने के साथ नेतृत्व करने वाला भारत बनेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा 23 अगस्त को नेशनल स्पेस डे मनाने, चंद्रयान–3 के लैंडिंग स्थल को शिवशक्ति प्वांइट तथा चंद्रयान 2 से जुड़े स्थल को तिरंगा प्वाइंट बताये जाने के लिए भी आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत कठिन से कठिन कार्यों को आसानी से हल



करने वाला बना है। 2047 तक भारत विश्व के विकसित देशों में शामिल होगा तथा नेतृत्व करने वाला देश बनेगा। कोरोना काल का उदाहरण देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उस दौर में जहां विभिन्न देशों में अव्यवस्था रही, वही भारत ने इस दौर को व्यवस्थित ही नही किया बल्कि 11वीं से 5वीं अर्थव्यवस्था बनने में सफलता पाई। मुख्यमंत्री ने सभी वैज्ञानिक संस्थानों से अपेक्षा की कि वे हमारे उदीयमान विद्यार्थियों को अपने संस्थानों की कार्यप्रणाली से परिचित कराने की भी योजना बनाए। इससे हमारे देश के भावी कर्णधार देश व प्रदेश की चुनौतियों का सामना करने में सफल होगें। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक की समस्याओं का समाधान उनकी अपेक्षानुसार तभी संभव होगा जब उनसे संवाद किया जायेगा। इकोलॉजी, इकोनॉमी, टेक्नोलॉजी, एकाउंटेबिलिटी और सस्टेनेबिलिटी के पाँच सशक्त स्तंभों पर व्यवस्थित मॉडल हमारे उत्तराखण्ड /25 के संकल्प के लिए आवश्यक है। हमारा संकल्प है कि उत्तराखण्ड राज्य अपने सृजन की रजत जयंती वर्ष 2025 तक एक श्रेष्ठ राज्य बनकर उभरे तथा माननीय प्रधानमंत्री जी की घोषणानुरूप् इक्कीसवीं सदी के इस तीसरे दशक में समृद्ध और सशक्त रूप में स्थापित हो। उत्तराखण्ड का यह विकास मूलक मॉडल देश के अन्य हिमालयी राज्यों के लिये भी मार्गदर्शक मॉडल बने। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में हमें अपनी पारिस्थितिकी और आर्थिकी के संतुलन को बनाए रखना है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के सार्थक प्रयोग हेतु लोगों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ाना है। नैसर्गिक प्राकृतिक सौन्दर्य युक्त उत्तराखण्ड की सभी प्राकृतिक, ऐतिहासिक और धार्मिक विरासतों का संरक्षण करके इसे देश–विदेश में विशिष्ट पहचान दिलाने, अपनी संस्कृति, परम्पराओं जनजातीय विशिष्टताओं, बोलियों लोककलाओं, लोकगीतों और साहित्य, तीर्थाटन, पवित्र चारधाम यात्रा, मानसखण्ड आदि को नई पहचान देने का भी हमारा प्रयास है। आई आई आर एस के निदेशक डॉ आर पी सिंह ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि यह संस्थान इसरो के 16 संस्थानों में एक है। विभिन्न देशों के वैज्ञानिक यहां आते है। ऑनलाइन स्टूडियो एवं लर्निंग सेंटरो के माध्यम से भी वैज्ञानिकों को प्रशिक्षण आदि की व्यवस्था संस्थान द्वारा की जा रही है।

इस अवसर पर यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो0 दुर्गेश पंत, निदेशक आई आई पी डॉ हरेन्द्र सिंह बिष्ट, डील के निदेशक डॉ ललित चन्द मंगल, इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट के निदेशक श्रीधर कट्टी, वाडिया संस्थान के निदेशक डॉ कालाचंद सेन के साथ अन्य संस्थानों के वैज्ञानिक एवं युवा वैज्ञानिक उपस्थित थे।

## रजिस्ट्रार ऑफिस में गड़बड़ी, वरिष्ठ अधिवक्ता विरमानी गिरफ्तार

### पूछताछ के लिए गुप्त जगह ले गई पुलिस

**देहरादून, एजेंसी।** रजिस्ट्रार ऑफिस में गड़बड़ी के मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता कमल विरमानी को एसआईटी ने गिरफ्तार किया है। कई दिन की आंख मिचौली के बाद विरमानी अपने ही घर से एसआईटी के हत्थे चढ़ गए। अधिवक्ता को पुलिस किसी गुप्त स्थान पर ले गई, जहां उनसे देर रात तक पूछताछ की गई। विरमानी पर आरोप है कि उन्होंने अपने मुंशी और वकील इमरान के साथ मिलकर करोड़ों का खेल किया। मामले में अब तक नौ लोग गिरफ्तार हो चुके हैं।

रजिस्ट्रार ऑफिस में पुराने बैनामों में छेड़छाड़ का मामला डेढ़ महीने पहले सामने आया था।

प्राथमिक जांच के बाद डीएम ने कोतवाली देहरादून को मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए थे। इसके बाद पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया। इनसे पूछताछ के बाद मुख्य आरोपी इमरान का नाम सामने आया।

एसआईटी ने प्राथमिक पड़ताल के बाद वकील इमरान को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन बात यहीं खत्म नहीं हुई। मामले में कचहरी में और कई बड़े



लोगों की तरफ उंगलियां उठने लगीं।

इसी बीच नाम आया वरिष्ठ अधिवक्ता कमल विरमानी का। साक्ष्य नहीं मिलने से पुलिस विरमानी पर हाथ नहीं डाल पा रही थी, लेकिन तीन दिन पहले विरमानी के मुंशी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इससे यह बात पुष्ट हो गई कि विरमानी का सीधे तौर पर इस मामले में हाथ है। बताया जा रहा है कि विरमानी ने 50 करोड़ से भी ज्यादा के वारे न्यारे इस जालसाजी में कर डाले।

इस बीच पुलिस ने शुक्रवार शाम को विरमानी को भी गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों के अनुसार पुलिस विरमानी को किसी गुप्त स्थान पर ले गई है। उनसे वहां पूछताछ की जा रही है। पुलिस इस मामले में रविवार को आधिकारिक खुलासा कर सकती है।

# जी–20 समिट के लिए भारत पूरी तरह तैयार: पीएम

**नई दिल्ली , एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जी–20 लीडर्स समिट के लिए भारत पूरी तरह तैयार है और सितम्बर का महीना देश के सामर्थ्य का साक्षी बनने जा रहा है। पीएम मोदी ने रविवार को आकाशवाणी से प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' की 104वीं कड़ी में कहा कि सितम्बर का महीना भारत के सामर्थ्य का साक्षी बनने जा रहा है। अगले महीने होने जा रही जी 20 लीडर्स समिट के लिए भारत पूरी तरह से तैयार है। इस आयोजन में भाग लेने के लिए 40 देशों के राष्ट्राध्यक्ष और अनेक वैश्विक संगठन राजधानी दिल्ली आ रहे हैं। जी 20 समिट के इतिहास में यह अब तक की सबसे बड़ी भागीदारी होगी। अपनी अध्यक्षता के दौरान भारत ने जी 20 को और ज्यादा समावेशी फ़ोरम बनाया है। भारत के निमंत्रण पर ही अफ़्रीकी संघ भी जी 20 से जुड़ी और अफ्रीका के लोगों की आवाज दुनिया के इस अहम प्लेटफार्म तक पहुंची।




उन्होंने कहा , "पिछले साल बाली में भारत को जी 20 की अध्यक्षता मिलने के बाद से अब तक इतना कुछ हुआ है, जो हमें गर्व से भर देता है। दिल्ली में बड़े–बड़े कार्यक्रमों की परंपरा से हटकर, हम इसे देश के अलग–अलग शहरों में ले गए। देश के 60 शहरों में इससे जुड़ी करीब–करीब 200 बैठकों का आयोजन किया गया।

जी 20 डेलीगेट्स जहां भी गए, वहां लोगों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। यह डेलीगेट्स हमारे देश की विविधता देखकर, हमारी वाइब्रेंट लोकतंत्र देखकर, बहुत ही प्रभावित हुए। उन्हें ये भी एहसास हुआ कि भारत में कितनी सारी संभावनाएं हैं।"

प्रधानमंत्री ने कहा "डेलीगेट्स की हमारी अध्यक्षता, पीपुल्स प्रेसीडेंसी है जिसमें जनभागीदारी की भावना सबसे आगे है। जी 20 के जो ग्यारह इंगेजमेंट्स समूह थे, उनमें अकादमिक, सिविल सोसाइटी, युवा, महिलाएं, हमारे सांसद, आंतर्पिनोर और शहरी प्रशासन से जुड़े लोगों ने अहम भूमिका निभाई। इसे लेकर देशभर में जो आयोजन हो रहे हैं, उनसे, किसी न किसी रूप से डेढ़ करोड़ से अधिक लोग जुड़े हैं। जनभागीदारी की हमारी इस कोशिश में एक ही नहीं, बल्कि दो–दो विश्व रिकॉर्ड भी बन गए हैं वाराणसी में हुई जी 20 क्विज़ में 800 स्कूलों के सवा लाख स्छात्रोंकी भागीदारी एक नया विश्व रिकॉर्ड बन गया। वहीं, लंबानी कारीगरों ने भी कमाल कर दिया। करीब 450 कारीगरों ने करीब 1800 अनोखा पैचेज का आश्चर्यजनक कलेक्शन बनाकर, अपने हुनर का परिचय दिया है।"उन्होंने कहा "जी 20 में आए हर प्रतिनिधि हमारे देश की कला की विविधता को देखकर भी बहुत हैरान हुए। ऐसा ही एक शानदार कार्यक्रम सूरत में आयोजित किया गया।

## ट्रेन में परोसी गई 'छिपकली कोरमा'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस में रेल यात्री के खाने में मृत छिपकली मिलने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। रेल यात्री के खाने में छिपकली मिलने से रेल प्रशासन में हड़कंप मच गया हैं। यात्री ने खाने में छिपकली मिलने की शिकायत रेल मदद ऐप पर की है। ऐसे में रेल प्रशासन व खाना परोसनी वाली कंपनी पर सवाल खड़े होते हैं कि वह यात्रियों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ करने से भी नहीं चूक रहे हैं। पिछले दिनों ही डिब्रूढ़ राजधानी एक्सप्रेस में रेल यात्री के खाने में छिपकली निकलने का मामला सामने आया है। ट्रेन संख्या 12423 के कोच नंबर बी–7 के यात्री को इस तरह का खाना परोसा गया था। यात्री ने ट्रेन की कैटरिंग से खाना मंगवाया तो उसमें खाने के साथ मृत छिपकली पाई गई। सीट नंबर 33 पर यात्रा कर रहे ये यात्री पहले तो चौक गए। चौकने की वजह ये थी कि छिपकली खाने के पैकेज में इस तरह चिपकी हुई कि ध्यान नहीं दिया जाता तो वह खाने के साथ छिपकली को खा जाते। ठीक से देखने पर पता चला कि छिपकली ही खाने में है। इसके बाद यात्री ने कैंटरिंग मैनेजर और टीटीई को इसकी सूचना दी।

# तबाही के बाद धीमा पड़ा मानसून, पहली सितंबर तक प्रदेश में बारिश का अलर्ट नहीं

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल में बारिश से अब लोगों को राहत मिली है। प्रदेश में मानसून धीमा हो गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने अनुमान लगाया है कि प्रदेश में पहली सितंबर तक भारी बारिश की कोई संभावना नहीं है। हालांकि इस दौरान प्रदेश में कहीं–कहीं बारिश की हल्की बौछारें गिर सकती हैं, लेकिन भारी बारिश के कोई आसार नहीं है और 30 व 31 अगस्त को मौसम पूरी तरह से साफ रहेगा। इन दो दिनों में प्रदेश में धूप खिलने का पूर्वानुमान जताया गया है। वहीं हिमाचल में मानसून कब तक रहेगा, इस पर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक सुरेंद्र पॉल ने बताया कि एक सप्ताह के बाद इस बारे में स्पष्ट होगा कि मानसून हिमाचल को कब अलविदा कहेगा। इस बार मानसून ने हिमाचल प्रदेश को गहरे जख्म दिए हैं।

प्रदेश में भारी बारिश के कारण तबाही का मंजर देखने को मिला है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में मानसून के दौरान हुई दुर्घटनाओं



में कुल 376 लोगों की मौत हुई है। इनमें से 141 मौतें केंद्र सरकार की ओर से अधिसूचित आपदाओं में हुई हैं। इनमें भू–स्खलन, बाढ़ व बादल फटने की घटनाएं शामिल हैं। 235 मौतें राज्य सरकार की ओर से अधिसूचित आपदाओं में हुई हैं। इनमें सडक़ हादसे, आग लगने की घटनाएं, डूबने की घटनाएं, बाढ़, बादल फटने समेत कई अन्य दुर्घटनाएं शामिल हैं। इसके अलावा 349 लोग घायल हैं और 40 लोग लापता हैं। इस बीच बारिश और बाढ़ के बाद भी प्रदेश में हालात अभी सुधरे नहीं हैं। सबसे बड़ी चुनौती कुल्लू जिला के लिए मुख्य मार्ग बहाली रही है। शनिवार को चंडीगढ़ मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर 12 अगस्त मंडी पंडोह के बीच बंद हुए एनएच पर 14 दिनों की कड़ी मेहनत के बाद प्रशासन व एनएचएआई ने सिंगल लेन ट्रैफिक बहाल कर दिया है। शनिवार को देर शाम 14 दिनों के लंबे अंतराल के बाद आंशिक रूप से मार्ग को बहाल किया जा सका। वहीं इससे पहले पांच दिनों बाद पंडोह डैम के पास कैंची मोड़ पर अस्थाई मार्ग को यातायात के लिए बहाल किया गया, जिसके बाद कुल्लू की तरफ से छोटे सैकड़ों वाहनों को पंडोह से चैलचौक होकर निकाला गया। एक और मुख्य वैकल्पिक मार्ग मंडी–कटौला भी बंद है और कुल्लू व लाहुल–स्पीति में आवश्यक वस्तुओं की कमी महसूस होने लगी है। पेट्रोल–डीजल बड़ी मुश्किल से मिल रहा है। उधर, नालागढ़ की रामशहर तहसील के तीन गांव लगातार धंस रहे हैं। यहां जमीन के साथ–साथ ज्यादातर घरों में दरारें आ चुकीं हैं।

गांव जागली, जगनी व पोले दा खाला बुरी तरह प्रभावित हैं। शिमला में रातभर भयंकर बारिश से नालागढ़–रामशहर–शिमला सडक़ का 300 मीटर हिस्सा बंट गया है। कांगड़ा में बहे जेई का शव शनिवार को तीसरे दिन नंदपुर भटोली में बरामद हुआ है।

# शिक्षकों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा: चौहान

नई टिहरी। राजकीय शिक्षक संघ की ओर से नई टिहरी में शिक्षक संघ के प्रांतीय पदाधिकारियों का अभिनंदन किया गया। शिक्षक संघ प्रदेश अध्यक्ष ने कहा सरकार के साथ समन्वय बनाकर शिक्षकों की समस्याओं का समाधान किया जाऐगा। प्रदेश पदाधिकारियों की ओर से शिक्षक दिनेश नौटियाल प्रांतीय कार्यकारणी का संरक्षक बनाया गया। बीते शनिवार शाम को नई टिहरी के बौराड़ी स्थित एक निजी होटल में राजकीय शिक्षक संघ टिहरी की ओर से संगठन के प्रदेश पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष राम सिंह चौहान तथा महामंत्री रमेश पैन्यूली ने कहा कि शिक्षकों की गरिमा के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाऐगा। कहा शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण



हेतु हर संभव प्रयास किये जाएगा जिसके लिये विभाग और शासन से वार्ता की जाऐगी। मंडलीय मंत्री हेमंत पैन्यूली ने कहा सभी को मिल बैठक कर शिक्षकों की समस्याओं को हल करना होगा। शिक्षक सुशील तिवाड़ी ने कहा कि नवीन कार्यकारणी से शिक्षकों को उम्मीद है कि जल्द उनकी समस्याओं का निस्तारण होगा। प्रांतीय कार्यकारणी ने शिक्षिका सुषमा नकोटी द्वारा लिखित बाल कहानी पुस्तिका मणिकर्णिका और सफेद भालू का विमोचन भी किया। इसे पूर्व प्रांतीय कार्यकारिणी ने चंबा में वीसी गबर सिंह स्मारक और श्रीदेव सुमन स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### बाल विज्ञान महोत्सव में छात्रों ने दिखाया हुनर

रुद्रप्रयाग। अटल उत्कृष्ट राइंका ऊखीमठ में सीमांत पर्वतीय जनपद बाल विज्ञान महोत्सव ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विकासखंड के सभी विद्यालयों के 150 से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिताओं में सीनियर वर्ग में पोस्टर में नेहा राणा खुमेरा प्रथम, प्राची राउंलेक द्वितीय व ईशा फाटा तृतीय रहीं। विज्ञान प्रश्नोत्तरी में हंशिका, ममता व ईशा प्रथम रहीं। कविता पाठन हिंदी में खुशी ल्वारा प्रथम, आस्था ऊखीमठ द्वितीय, हिमांशी कन्या हाईस्कूल ऊखीमठ तृतीय रहीं। कविता पाठन अंग्रेजी में प्रेरणा नारायणकोटी प्रथम, आस्था राउंलेक द्वितीय, सृष्टि ऊखीमठ तृतीय रहीं। नाटक में सलोनी अवंतिका टीम प्रथम रहीं। जूनियर वर्ग में पोस्टर प्रतियोगिता में साक्षी ऊखीमठ प्रथम, कार्तिक फाटा द्वितीय, निमिता गुप्तकाशी तृतीय रहे।

# हेलीकॉप्टर से होगी टपकेश्वर शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा

देहरादून। भगवान श्री टपकेश्वर महादेव मंदिर की 22वीं भव्य शोभायात्रा सोमवार को शहर में धूमधाम से निकलेगी। शोभायात्रा पर मार्ग में हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा आकर्षण का केन्द्र रहेगा। शोभायात्रा में कोई कोर कसर न रहे इसके लिए मंदिर सेवादल की टीमें अपनी तैयारियों को पुख्ता करने में जुटी है। टपकेश्वर मंदिर को भव्यता से सजाया गया है। शोभायात्रा का समय ऐसा रखा गया है कि जिससे दोपहर बाद स्कूलों की छुट्टी के समय बच्चों व अभिभावकों को जाम में न फंसना पड़े। शोभायात्रा शिवाजी धर्मशाला से शुरु होगी और शहर के प्रमुख स्थानों से होते हुए देर शाम टपकेश्वर पहुंचेगी। पिछले दो माह से शोभायात्रा को लेकर तैयारियां की जा रही है। मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया है। श्री महंत कृष्ण गिरी महाराज व दिगम्बर भरत गिरी महाराज ने बताया



कि शोभायात्रा में पहली बार अष्ट विनायक के आठ स्वरुपों वरदविनायक, चिंतामणि, गिरिजात्मक, मयूरेश्वर, सिद्धविनायक, बल्लालेश्वर, विछ्नेश्वर, महागणपति के दर्शन होंगे। श्री टपकेश्वर के दूधेश्वर, तपेश्वर, देवेश्वर व ब्रह्मलीन महंत मायागिरी महाराज के डोले, शिव बारात, खाटू श्याम, 56 भोग, पार्थिव शिवलिंग, पंचमुखी हनुमान की झांकियां, महाकाल उज्जैन की भस्म आरती भी रहेगी। जबलपुर, दिल्ली, सहारनपुर से चर्चित बैंड पार्टियां अपनी रंगत बिखेंरेगी। मीडिया प्रभारी विनय वर्मा ने बताया कि शोभायात्रा शाम तीन तक शहर के आंतरिक हिस्से में ही रहेगी, ताकि स्कूलों की छुट्टी के समय अभिभावकों व छात्रों को परेशानी न हो। सम्पूर्ण यात्रा में पचास लोगों की दो सफाई टीम उस मार्ग को साफ करती हुई चलेंगी जहां जहां शोभायात्रा गुजरेगी।

# जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र में आधार नंबर दर्ज नहीं करने पर सवाल

देहरादून। खुड़बुड़ा मोहल्ला निवासी रीटा सूरी ने नगर निगम के स्वास्थ्य अनुभाग द्वारा जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र पर आधार नंबर अंकित नहीं करने को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने सूचना आयोग में इस मामले की शिकायत दर्ज की थी। मामले की सुनवाई करते हुए सूचना आयुक्त योगेश भट्ट ने नगर निगम समेत अन्य निकायों को भी व्यवस्था लागू करने का आदेश जारी किया है। रीटा सूरी ने रविवार को स्वर्गीय अधिवक्ता राजेश कुमार के कचहरी स्थित चैंबर में प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने बताया कि नगर निगम के स्वास्थ्य अनुभाग ने उन्हें आरटीआई में जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र में आधार नंबर दर्ज नहीं करने को लेकर लंबे समय तक गुमराह किया। उन्होंने कहा कि कॉलम होने के बावजूद आधार नंबर दर्ज नहीं करना गंभीर विषय है। इसकी शिकायत सूचना आयोग में दर्ज करवाई गई। राज्य सूचना आयुक्त ने इस मामले की सुनवाई करते हुए कहा है कि प्रमाण पत्र एक प्रमाणिक वैध अभिलेख के रूप में मान्य है। इसलिए इसमें संबंधित की पहचान के रूप में आधार नंबर दर्ज होना चाहिए। प्रदेश में यदि जन्म मृत्यु प्रमाण पत्रों पर आधार कार्ड नंबर दर्ज नहीं किए जा रहे तो यह उचित नहीं है। कहीं पर अपरिहार्य परिस्थितियों के चलते यह अनिवार्य न हो। लेकिन सामान्यतः जन्म प्रमाण पत्रों में माता पिता का आधार और मृत्यु प्रमाण पत्र में मृतक का आधार कार्ड नंबर दर्ज होना ही चाहिए। इससे इस दस्तावेज की प्रमाणिक्ता और मजबूत होगी। उन्होंने शहरी विकास और पंचायती राज सचिव को इस संबंध में जरूरी दिशा निर्देश जारी करने का आदेश दिया है। रीटा सूरी ने कहा कि यह व्यवस्था पड़ोसी राज्य यूपी तक में लागू है। उन्होंने कहा कि इससे नौकरी और पेंशन की प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी। उधर मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अविनाश खन्ना ने कहा कि भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार आधार कार्ड नंबर नहीं होने पर आवेदक को जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र देने से इंकार नहीं किया जा सकता।

### अल्मोड़ा के लॉ कॉलेज में जुटेंगे पुरातन छात्र

देहरादून। अल्मोड़ा लॉ कॉलेज के पुरातन छात्रों की एलुमनी मीट 24 दिसंबर को होगी। रविवार को दून में हुई ज्यूरिस एलुमनी एसोसिएशन की बैठक में कार्यक्रम की रूप रेखा तय की गई। रोडवेज के उप महाप्रबंधक विधि प्रदीप सती ने बताया कि मीट अल्मोड़ा कॉलेज में ही होगी।

इसमें 1980 से लेकर अब तक पासआउट हुए पुरातन छात्र शामिल होंगे। इसमें हाईकोर्ट के रिटायर न्यायाधीशों के साथ कई बड़े अफसर शामिल होंगे।

केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट भी शामिल होंगे। इस मौके पर विधानसभा के सेक्शन ऑफिसर रवि जोशी, पीडब्ल्यूडी के विवि अधिकारी चेतन जोशी, पुलिस विभाग के संजय कुमार, सहायक अभियोजन अधिकारी सोमिका अधिकारी, जिला सहकारी बैंक के निदेशक कपित सामंत, पूजा तिवारी आदि मौजूद रहे।

# पत्रकार कल्याण कोष/ मुख्यमंत्री पत्रकार सम्मान पेंशन योजना समिति का गठन

देहरादून। उत्तराखंड सरकार द्वारा पत्रकारों के हितार्थ संचालित उत्तराखंड पत्रकार कल्याण कोष/मुख्यमंत्री पत्रकार सम्मान पेंशन योजना समिति में आगामी दो वर्ष के लिए गैर सरकारी सदस्य के रूप में सूचना एवं लोकसंपर्क विभाग द्वारा चार पत्रकारों डॉ. वी.डी.शर्मा (देवभूमि पत्रकार यूनियन, देहरादून), दिनेश जोशी (एनयूजेआई, हल्द्वानी नैनीताल), निशा रस्तोगी (एसोसिएशन ऑफ स्माल एंड मीडियम न्यूज पेपर्स ऑफ इंडिया, देहरादून), दीन दयाल मित्तल (इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्रेस एन मिडिया मेन, देहरादून) को नामित किया गया। उक्त समिति



के गठन से पूर्व में लंबित पत्रकारों के पेंशन, मेडिकल, मृतक आश्रित आर्थिक सहायता मामलो का निस्तारण हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि उक्त समिति में पत्रकारों की समस्याओं में सदैव तत्पर रहने वाले वरिष्ठ पत्रकार डा. वी.डी.शर्मा पहले भी इस समिति में दायित्व का निर्वहन कर चुके हैं।

उनके इस महत्वपूर्ण समिति में पुनः नामित होने पर देवभूमि पत्रकार यूनियन (पंजी.), देवभूमि जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों के अतिरिक्त प्रदेशभर के पत्रकारों, पत्रकार यूनियनों, संगठनों में हर्ष की लहर दौड़ गई है। कल से उनको बधाई देने वाले पत्रकार बंधुओं का तांता लगा हुआ है।

## एक नजर

### पुरानी पेंशन बहाली को लेकर एक अक्तूबर को दिल्ली कूच

देहरादून। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन के तहत अभियान तेज कर दिया गया है। एक अक्तूबर को देश भर से कर्मचारी दिल्ली जुटेंगे। एनएमओपीएस के प्रदेश अध्यक्ष जीतमणि पैन्यूली ने उत्तराखंड से भी बड़ी संख्या में कर्मचारियों से दिल्ली कूच का आह्वान किया। पैन्यूली ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन में उत्तराखंड के कर्मचारी बढ़ चढ़ कर भाग ले रहे हैं। दिल्ली में भी इसी तैयारी के साथ कर्मचारी अपनी ताकत का अहसास कराएंगे। कहा कि केंद्र सरकार लोकसभा चुनाव से पहले पुरानी पेंशन बहाली पर फैसला ले। राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, पंजाब समेत कई राज्यों ने पुरानी पेंशन बहाल कर दी है। गैर भाजपा शासित राज्यों की तरह सभी राज्यों में पुरानी पेंशन बहाल की जाए। बेहतर होगा कि केंद्र सरकार अपने स्तर पर ही फैसला लेकर सभी राज्यों के लिए रास्ता खोले। कहा कि जिन कर्मचारियों की नियुक्ति 2005 से पहले से जारी हुई विज्ञप्ति के आधार पर हुई है, उन्हें तत्काल ये लाभ मिलना चाहिए। केंद्र ने ये लाभ दे दिया है। उत्तराखंड में जल्द इस व्यवस्था को लागू किया जाए। आगामी विधानसभा सत्र में सरकार विधानसभा में पुरानी पेंशन बहाली का प्रस्ताव लेकर आए।

### स्वयं सेवियों ने साफ सफाई कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

विकासनगर। आशाराम वैदिक इंटर कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा रविवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसके तहत विद्यालय परिसर में स्वयंसेवियों के द्वारा साफ–सफाई कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल सिंह नेगी ने स्वयंसेवको का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें देश व समाज का भावी कर्णधार बताया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी अनीता अनिल नेगी के नेतृत्व में स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें विद्यालय के खेल के मैदान से खरपतवार एवं गाजर घास का उन्मूलन कर फलदार पौध का रोपण भी किया गया। पूर्व में लगाए हुए वृक्षों के चारों ओर गमले बनाए गए। स्वयंसेवको ने समूहों में बंटकर मैदान में उगी घास को काटकर और मैदान मे पड़े कूड़े को उठाकर उसे एक जगह पर एकत्रित कर के नष्ट किया गया। कार्यक्रम अधिकारी अनीता नेगी ने स्वयंसेवियों को एनएसएस के उद्देश्य के बारे में समझाया साथ ही उन्हें यह बताया कि किस प्रकार समाज के बीच में रहकर हम समाज में फैलने वाली कुरीतियों के प्रति जागरूकता फैला कर उन्हें दूर कर सकते हैं।

# मंत्री गणेश जोशी को बांधी राखी

देहरादून। रक्षाबंधन समारोह में बड़ी संख्या में पहुंची बहनों ने काबीना मंत्री गणेश जोशी की कलाई पर रंग–बिरंगी राखी बांधी। मंत्री जोशी ने सभी बहनों को उपहार भेंट किए। बहनों का स्नेह और प्यार को देखकर मंत्री जोशी भावुक भी हुए, उन्होंने बहनों को आश्वस्त किया कि जिस भाव से उन्होंने रक्षा सूत्र बांधे हैं, उसी भाव से जीवन भर उनकी रक्षा भी करेंगे।

काबीना मंत्री गणेश जोशी की ओर से रविवार को सर्वे स्टेडियम हाथीबड़कला में आयोजित रक्षाबंधन समारोह में बड़ी संख्या में बहनें पहुंची। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवल से हुआ। इसके बाद रंगारंग कार्यक्रम हुए। संस्कृति विभाग की टीम ने एक के बाद एक सुंदर प्रस्तति से कार्यक्रम पर चार चांद लगाए। कनु प्यारू



चौमास डांडियों में सौरिगे..., बेडू पाको बारामास... गीत पर नृत्य की प्रस्तुति दी। प्रतिभा श्रीवास्तव ने टीम के साथ शास्त्रीय नृत्य पेश किया।

रक्षाबंधन पर आधारित गीतों ने भी समां बांधा। इस मौके पर टपकेश्वर महादेव मंदिर के महंत कृष्ण गिरी महाराज, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल, मंत्री गणेश जोशी की पत्नी निर्मला जोशी, भाजयुमो की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी, भाजपा महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, प्रदेश कोषाध्यक्ष वंदना ठाकुर, निरंजन डोभाल, ज्योति कोटिया, प्रदीप रावत, सुरेंद्र राणा, अनीता, मधु शर्मा, कमली भट्ट, अर्चना बागड़ी, बबीता सहोत्रा, पूनम नौटियाल, वीर सिंह चौहान आदि मौजूद रहे। संचालन डॉ. प्राची कंडवाल ने किया।

### चमोली को अवार्ड मिलने पर खुशी जताई

चमोली। उत्तराखंड के सीमांत जिले चमोली ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता स्थानीय आधार पर कौशल विकास के लिए चमोली जिले को राष्ट्रीय स्तर पर स्कॉच अवार्ड में रजत पदक से नवाजा गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत जनपद चमोली को आजीविका संवर्धन की विभिन्न गतिविधियां हेतु स्कॉच अवार्ड में सिल्वर श्रेणी प्राप्त होने पर बधाई दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी राष्ट्रीय स्तर पर चमोली जिले को रजत पदक से सम्मानित किये जाने पर जिलाधिकारी चमोली हिमांशु खुराना और मुख्य विकास अधिकारी चमोली डॉ ललित नारायण मिश्र के प्रयासों की भी सराहना की। शनिवार को नई दिल्ली में 94 स्कॉच समिट कांस्टीट्यूशन क्लब इंडिया नई दिल्ली में स्कॉच ग्रुप इंडिया द्वारा यह अवार्ड प्रदान किया गया। जनपद चमोली के प्रतिनिधि के रूप में डॉ महेश कोहली तत्कालीन जिला विकास अधिकारी चमोली एवं संजय पुरोहित ग्रामीण वित्त समन्वयक उपासक चमोली ग्रामीण विकास द्वारा यह अवार्ड प्राप्त किया गया।

# सोसाइटी में शामिल किए जाने का ईएसआई कर्मचारियों ने किया विरोध

देहरादून। कर्मचारी राज्य बीमा योजना संयुक्त संघ ने सोसाइटी गठन का विरोध तेज कर दिया है। कर्मचारियों ने सोमवार से काली पट्टी बांध कर विरोध जताने का ऐलान किया। सोसाइटी गठन के फैसले को कर्मचारी विरोधी फैसला करार दिया। संघ पदाधिकारियों की रविवार को अनुराग नर्सरी कांवली में हुई बैठक में आंदोलन की रणनीति बनाई गई। अध्यक्ष डा. पूनम वर्मा ने कहा कि शासन के सोसाइटी गठन का फैसला समझ से परे है। सोसाइटी गठन को लेकर दूसरे राज्यों में जो भी प्रयास हुए हैं, वे सभी विफल साबित हुए हैं। सोसाइटी गठन कर कर्मचारी हितों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। ये तक नहीं बताया जा रहा है कि विभाग के तहत सोसाइटी बनाई जा रही है या सोसाइटी में ही विभाग का विलय किया जा रहा है। विभाग और सोसाइटी साथ साथ काम करेंगे या विभाग समाप्त किया जा रहा है, इस पर भी स्थिति साफ नहीं हो रही है। इसे लेकर कर्मचारियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। महासचिव बरकत अली ने कहा कि सोसाइटी गठन के बाद कर्मचारियों को वेतन भत्ते, पेंशन, जीपीएफ, पेंशन, गोल्डन कार्ड का लाभ कैसे दिया जाएगा। ढांचे के तहत स्वीकृत पदों को रखे जाने का भी स्पष्ट उल्लेख नहीं है। ढांचे के पद सोसाइटी में रहेंगे भी या नहीं, ये भी तय नहीं है। कहा कि जब मौजूदा स्टाफ ने ही काम करना है, तो सोसाइटी गठन का क्या लाभ है। बेहतर होता की डिस्पेंसरियों का आधुनिकीकरण किया जाता। सभी कर्मचारियों की नियुक्ति राज्य सरकार की सेवा शर्तों के अधीन हुई है। सोसाइटी बनने के बाद कर्मचारियों को रखे जाने पर क्या पुरानी सेवा शर्तें ही लागू होंगी या सोसाइटी अपनी सेवा, शर्तें लागू करेगी, ये भी स्पष्ट नहीं किया जा रहा है। कहा कि सोसाइटी बना कर मृतक आश्रितों को अनुकंपा पर मिलने वाली नियुक्ति का लाभ नहीं मिलेगा। कर्मचारी संगठनों का प्रतिनिधित्व समाप्त हो जाएगा। सिर्फ संविदा, आउटसोर्स पर ही काम कराया जाएगा। नियमित नियुक्ति बंद हो जाएगी। इसके विरोध में सोमवार से काली पट्टी बांध कर विरोध जताया जाएगा।

# आरोपियों को छोड़ने पर लोगों ने लगाया रोड पर जाम

ऋषिकेश। मायाकुंड में पांच लोगों ने एक घर में घुसकर परिवार के महिला और पुरुष सदस्यों से मारपीट कर दी। इस दौरान परिवार के सदस्यों ने दो लोगों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाली पुलिस पर इन आरोपियों को कार्रवाई के बगैर ही छोड़ने का आरोप लगाते हुए परिवार के सदस्यों ने स्थानीय लोगों के साथ देहरादून रोड पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। उन्होंने पुलिस के खिलाफ भी सड़क पर धरना देकर आक्रोश दिखाया। रविवार को मायाकुंड निवासी अविनाश पोरवाल परिवार के सदस्यों और स्थानीय लोगों के साथ कोतवाली



पहुंचे। बताया कि शनिवार रात उनके घर में पड़ोस के युवकों समेत पांच लोग घुस आए। उन्होंने बेटी, पत्नी और उनसे जमकर मारपीट की। किसी तरह से दो युवकों को उन्होंने पकड़ लिया। जबकि, तीन मौके से फरार होने में कामयाब रहे। आरोप लगाया कि सूचना देने के बावजूद पुलिस एक घंटे देरी पहुंची। दोनों युवकों को पुलिस की हिरासत में देकर कार्रवाई की गुहार लगाई।

### प्रमुख ने किया सड़क का शिलान्यास

रुद्रप्रयाग। विकासखण्ड जखोली के प्रमुख प्रदीप थपलियाल ने मेरा गांव मेरी सड़क योजना के अन्तर्गत डांगी बांगर के परखाल तोक में 34.73 लाख की लागत से स्वीकृत सड़क का शिलान्यास किया। शनिवार को ब्लाक प्रमुख जखोली प्रदीप थपलियाल ने मेरा गांव मेरी सड़क योजना के अंतर्गत जनपद रुद्रप्रयाग में स्वीकृत पहली सड़क का शिलान्यास करते हुए कहा कि लोनिवि व पीएमजीएसवाई की परिधि से बाहर के सम्पर्क विहीन गांवों को सड़क से जोड़ने का काम ग्राम्य विकास विभाग के प्रयास से किया जायेगा।

# भाजपाइयों ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात

विकासनगर। भाजपा कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों के द्वारा रविवार को जगह–जगह पछावदून मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। सहसपुर में विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना तो विकासनगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्थानीय जनता के साथ मिलकर मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने मन की बात कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं के साथ सुना और कहा मन की बात कार्यक्रम हमें सदैव समाज सेवा में तत्पर रहने की ऊर्जा प्रदान करता है। कहा प्रधानमंत्री ने इस बार मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से हमारी मातृभाषाओं का संवर्धन, खेल प्रतिभाओं, वैज्ञानिक नवाचारों, पर्यटन आदि को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए बहुमूल्य विचार प्रकट किए हैं। कहा यह कार्यक्रम जन–जन को एक सूत्र में पिरोकर राष्ट्र के उत्कर्ष की दिशा में उन्मुख् करने का आज एक सशक्त माध्यम बना है। वहीं दूसरी ओर विकासनगर में भाजपा के कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना गया।

# निकाय चुनाव जीत विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाएगी कांग्रेस: गणेश गोदियाल

ऋषिकेश। कांग्रेस ने आगामी निकाय चुनाव को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। कांग्रेसियों ने बैठक कर ऋषिकेश नगर निगम के चुनाव को लेकर रणनीति बनाई। पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से वार्डों में संगठन को मजबूत बनाने और जन–जन तक कांग्रेस की नीतियों को पहुंचाने के लिए कहा।रविवार को नगर निगम के सभागार में कांग्रेस कमेटी ऋषिकेश ने चिंतन बैठक आयोजित की। मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि लगातार कांग्रेस विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से संगठन को मजबूत कर रही है। कांग्रेस जनता के बीच जाकर नगर निकाय चुनाव के लिए भी आमजन के मुद्दे उठाने का काम कर रही है। बैठकों और चौपाल के माध्यम से संगठन को मजबूत करने का काम चल रहा है। वरिष्ठ कांग्रेसजनों से मुलाकात कर उनके अनुभवों का भी उपयोग किया जा रहा है। बूथ स्तर पर घर–घर तक जाकर कांग्रेस की विचारधारा को पहुंचाया जा रहा है। आज जो शहर के विकास कार्य रुक गए हैं, उन्हें निकाय चुनाव जीत कर आगे बढ़ाया जाएगा। देश में भी आमजन की सरकार राहुल गांधी के नेतृत्व में लाने के लिए काम किया जा रहा है। जिला अध्यक्ष मोहित उनियाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी युवाओं को जोड़ने का काम कर रही है। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की विचारधारा को कांग्रेस पार्टी का हर एक कार्यकर्ता जन–जन तक पहुंचाने का काम कर रहा है। इससे संगठन को मजबूती मिलेगी।

### जौनसार बावर सेवावृत कर्मचारी मंडल की नई कार्यकारिणी गठित

देहरादून। जौनसार बावर सेवावृत कर्मचारी मंडल की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष रणवीर सिंह तोमर और महासचिव विरेंद्र सिंह तोमर चुने गए।

रविवार को जिला पंचायत सभागार में गठित हुई कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष अतर सिंह चौहान, उपाध्यक्ष अमर सिंह नेगी, संगठन सचिव जगत सिंह नेगी, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह बिष्ट, संस्कृति सचिव केशर सिंह राय, शाखा सचिव चमन सिंह चौहान, प्रचार सचिव इंदर सिंह तोमर चुने गए। संरक्षक तुलसी सिंह तोमर, राम सिंह तोमर और सलाहकार मंडल में मनमोहन सिंह चौहान और हरीशचंद्र राठौर को चुना गया।

# आंदोलन की तैयारी में पॉवर इंजीनियर्स एसोसिएशन, गलत वरिष्ठता निर्धारण का आरोप लगाया

देहरादून। उत्तराखंड जल विद्युत निगम में सहायक अभियंता के पद पर तय की गई वरिष्ठता के खिलाफ पॉवर इंजीनियर्स एसोसिएशन ने आंदोलन का बिगुल बजा दिया है। इंजीनियरों ने यूजेवीएनएल में सहायक अभियंता (जनपद) की तय वरिष्ठता सूची का विरोध तेज कर दिया है। पॉवर इंजीनियर्स एसोसिएशन ने वरिष्ठता सूची को कोर्ट के आदेशों के विपरीत जाकर तय किए जाने का आरोप लगाया। एसोसिएशन अध्यक्ष युद्धवीर सिंह तोमर ने कहा कि वरिष्ठता सूची को लेकर चार अगस्त को हाईकोर्ट स्पष्ट आदेश दे चुका है। इसके बावजूद यूजेवीएनएल मैनेजमेंट ने सहायक अभियंता की 18 अगस्त को जो वरिष्ठता सूची निर्धारित की, वो पूरी तरह हाईकोर्ट नैनीताल के चार अगस्त के आदेश के विरुद्ध जाकर बनाई गई है। कहा कि यदि निगम मैनेजमेंट ने आश्वासन के विपरीत और नियम विरूद्ध बनाई इस वरिष्ठता सूची को निरस्त नहीं किया, तो आंदोलन तेज कर दिया जाएगा। फिलहाल 31 अगस्त को मुख्यालय पर धरना दिया जाएगा। महासचिव राहुल चानना ने कहा कि यदि गलत प्रमोशन प्रक्रिया के जरिए भेदभाव किया गया, तो इंजीनियर प्रदेश स्तर पर आंदोलन शुरू कर देंगे। एसोसिएशन से जुड़े तीनों निगमों के सदस्य आंदोलन में भाग लेंगे। इससे किसी भी तरह की औद्योगिक शांति भंग होने के लिए सीधे तौर पर निगम मैनेजमेंट जिम्मेदार रहेगा। कहा कि निगमों में लिए जा रहे इस तरह के नियम विरोधी फैसलों का संज्ञान लेते हुए मैनेजमेंट का जवाब तलब किया जाए।

## कांग्रेस ने किया अतिक्रमण हटाने का विरोध

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कोटद्वार शहर में चल रहे अतिक्रमण का विरोध किया है। कहा कि त्योहार सीजन में नगर निगम व प्रशासन व्यापारियों को परेशान कर रहा है।

कांग्रेस नेता प्रवेश रावत ने कहा कि शनिवार को नगर निगम व प्रशासन की ओर से शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। जिसका कांग्रेस पूरी तरह विरोध करती है। कहा कि नगर निगम व प्रशासन को व्यापारियों को परेशान करने के बजाय अतिक्रमण की जद में आए सरकारी भवनों को ध्वस्त करना चाहिए। उन्होंने सरकार से अतिक्रमण के खिलाफ चल रही कार्रवाई को विराम देने की भी मांग उठाई। कहा कि व्यापारियों का उत्पीड़न किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# पुरानी पेंशन बहाली को कर्मचारियों व अधिकारियों ने बजाई गढ़वाल सांसद के आवास पर घंटी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** लगातार पुरानी पेंशन बहाली की मांग उठाने के बाद भी समस्या का निराकरण नहीं होने से आक्रोशित सरकारी कर्मचारी व अधिकारियों ने

◆राष्ट्रीय पेंशन बाहाली आंदोलन के बैनर तले सतपुली में किया प्रदर्शन
◆जल्द पेंशन बहाल नहीं होने पर कर्मचारियों व अधिकारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी


सतपुली में आक्रोश रैली निकालते शिक्षक व सरकारी कर्मचारी

गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत के घर पर घंटी बजाई। इस दौरान कर्मचारी व अधिकारियों ने सतपुली बाजार में आक्रोश रैली भी निकाली। कहा कि सरकारी कर्मचारी व अधिकारियों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि जल्द समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो आंदोलन को तेज किया जाएगा।

पुरानी पेंशन बहाली को लेकर शिक्षकों व अन्य सरकारी कर्मचारियों ने सतपुली में गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत के आवास पर घंटी बजाई। इससे पूर्व राष्ट्रीय पेंशन बहाली आंदोलन के बैनर तले सतपुली बाजार में आक्रोश रैली भी निकाली गई। रैली का नेतृत्व कर रहे जिला संरक्षक डा.महावीर बिष्ट ने कहा कि सरकारी कर्मचारी व अधिकारी पिछले कई वर्षों से पुरानी पेंशन बहाली की मांग उठा रहे हैं। लेकिन, सरकारी उनकी समस्या को गंभीरता से नहीं ले रही। कहा कि जब विधायक व सांसद को पुरानी पेंशन का लाभ मिल सकता है तो सरकार को सरकारी कर्मचारी व अधिकारियों को भी इसका लाभ पहुंचाना चाहिए। पेंशन सुविधा के अभाव में सरकारी कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद आर्थिक संकट से जूझना पड़ सकता है। आंदोलन में जिला मंत्री अनूप जदली, राजीव सेमवाल, कैलाश थपलियाल, दिनेश राणा, अजय बिष्ट, महावीर बिष्ट, भारत सिंह, संजय डोबरियाल, सतेंद्र रावत, सुबोध काला, गौरव ध्यानी, अरुण उनियाल, रूपेंद्र नेगी, अनिल कोटनाला, गंभीर बिष्ट, अजय काला, अभिषेक बलोदी, मनोज बिष्ट, रविंद्र भारती, भास्कर काला, कीर्ति बड़थ्वाल, आशीष जखमोला, सुरमान गुसाई, सुनील कुमार, अभिषेक यादव, दीपिका रावत, पारुल भट्ट आदि मौजूद रहे।

## राइंका सेंधीखाल के शिक्षक दौलत सिंह गुसांई होंगे सम्मानित

**कोटद्वारः** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से दिए जाने वाले राष्ट्रीय शिक्षक अवार्ड 2023 के लिए जनपद पौड़ी गढ़वाल से विकास खंड जयहरीखाल के अंतर्गत राजकीय इंटर कालेज सेंधीखाल में कार्यरत भौतिक विज्ञान प्रवक्ता दौलत सिंह गुसांई का चयन किया गया है। उन्हें 5 सितंबर 2023 को दिल्ली में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में देश के राष्ट्रपति के हाथों यह पुरस्कार दिया जायेगा।

शिक्षक दौलत सिंह गुसांई अपने विषय विशेषज्ञ होने के साथ ही छात्र व विद्यालय हित में कार्य करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। वे लंबे समय से विज्ञान संगोष्ठी व विज्ञान महोत्सव में छात्रों का मार्ग दर्शन करते आ रहे हैं। उनके नेतृत्व में छात्र–छात्राओं ने विज्ञान प्रदर्शनी व इंस्पायर अवार्ड में राज्य स्तर तक प्रतिभाग किया है। साथ ही उनके नेतृत्व में ही वर्ष 2022–23 में विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर पर बैंगलुरू के वीआईटीएम संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। विद्यालय हित में उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की विभागीय अधिकारी भी प्रशंसा करते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय प्रधानाचार्य साधो सिंह की बिष्ट की प्रेरणा के बल पर उन्होंने इस पुरस्कार के लिए आवेदन किया।

## भारतीय किसान यूनियन के वाहन का काटा चालान, किया विरोध

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले से कोटद्वार पहुंची भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों के वाहन का चालन काटने पर यूनियन के सदस्यों ने रोष व्यक्त किया है। उत्तर प्रदेश से कोटद्वार कौड़िया चेक पोस्ट पर पहुंचे पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने परिवहन विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। कहा कि वह जल्द ही इस संबंध में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भी वार्ता करेंगे।

कौड़िया चेक पोस्ट पर पहुंचे पदाधिकारियों ने परिवहन विभाग के अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। पदाधिकारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार को उनके कुछ कार्यकर्ता व पदाधिकारी कार से कोटद्वार आए थे। यहां से लौटने के दौरान कौड़िया चेक पोस्ट पर तैनात एआरटीओ ने उनकी कार रोकी और कागज दिखाने को कहा। बताया कि सभी दस्तावेज दिखाने के बाद भी एआरटीओ ने कार का चालान कर दिया। कोटद्वार में तैनात एआरटीओ को उत्तराखंड से उत्तर प्रदेश की ओर आ रहे भारी वाहन नहीं दिखाई देते। जिसमें क्षमता से अधिक सामान भरा रहता है। एआरटीओ केवल आमजन व का उत्पीड़न कर रहे हैं।

कहा कि इस संबंध में जल्द ही किसान यूनियन के पदाधिकारी देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भी मुलाकात करेंगे। यदि मनमानी पर विराम नहीं लगा तो किसान यूनियन कौड़िया चेक पोस्ट पर ही डेरा डालकर आंदोलन करेगा।


कोटद्वार चेक पोस्ट में परिवहन विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते किसान यूनियन के सदस्य व पदाधिकारी

# अतिक्रमण हटाओ अभियान का दिखने लगा असर, व्यापारी स्वयं ही ध्वस्त करने लगे बरामदे

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** शहर में नगर निगम व प्रशासन की ओर से की जा रही अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई के बाद व्यापारियों ने स्वयं ही निगम की नजूल भूमि

**उच्च न्यायालय के निर्देश पर शनिवार को शहर में चलाया गया था अतिक्रमण हटाओ अभियान**


कोटद्वार के बदरीनाथ मार्ग में श्रमिकों की मदद से अतिक्रमण को तुड़वाते व्यापारी

को खाली करना शुरू कर दिया है। रविवार को शहर में जगह-जगह व्यापारी श्रमिकों के माध्यम से बरामदों को ध्वस्त करते हुए नजर आए। मालूम हो कि शहर में कई व्यापारियों ने बरामदों को सड़क से काफी ऊंचा उठा दिया था।

उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद नगर निगम व प्रशासन की ओर से अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। शनिवार को नगर निगम व प्रशासन की ओर से जेसीबी की मदद से शहर में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान सरकारी विभागों ने झंडाचौक से कोतवाली परिसर के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर निगम की नजूल भूमि पर बने एक दर्जन से अधिक बरामदों को ध्वस्त किया गया। वहीं, निगम की ओर से चिह्नित अन्य अतिक्रमणकारियों को स्वयं ही अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई थी। प्रशासन व निगम की चेतावनी के बाद रविवार को बदरीनाथ मार्ग, झंडाचौक, नजीबाबाद रोड में व्यापारी स्वयं ही अपने प्रतिष्ठानों के बाहर अतिक्रमण को हटाने के कार्य में जुट गए। नगर आयुक्त वैभव गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर व्यापारियों ने निगम की नजूल भूमि पर कब्जा कर बरामदों को सड़क से काफी ऊंचा उठा दिया है।

## बोर्ड परीक्षाओं में परीक्षाफल सुधारने के निर्देश

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ीः** अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा ने राजकीय कन्या इंटर कालेज पौड़ी व अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कालेज ओजली का आकस्मिक निरीक्षण किया। एडी ने शिक्षकों को पठन–पाठन में विशेष ध्यान देने व बोर्ड परीक्षाओं में परीक्षाफल में सुधार के निर्देश दिए।राजकीय कन्या इंटर कालेज पौड़ी का निरीक्षण करते हुए सामने आया कि कक्षा 12 में 57 छात्राओं के सापेक्ष केवल 1 छात्रा ने गणित विषय चुना है। एडी ने छात्राओं को गणित विषय में अध्यनरत करने के लिए प्रेरित करने, बोर्डपरीक्षाफल में सुधार करने, प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ ही ब्लाक, जिला व राज्यस्तर पर होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कराने के निर्देश दिए। अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कालेज ओजली में एडी ने शिक्षकों को अंग्रेजी माध्यय से भी पठन–पाठन करने के लिए प्रयास करने, विज्ञान वर्ग में छात्रसंख्या बढ़ाने के लिए प्रयास करने के निर्देश दिए।

# पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत के विद्यार्थियों ने बनाई राखी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** प्रतिभा दिवस पर पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं ने मनमोहक राखियां बनाकर अपनी प्रतिभा दिखाई।

विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों ने शिव तांडव की प्रस्तुति देकर किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को कागज, गत्ता व अन्य वस्तु से बेहतर राखी बनाने के गुर सिखाए।

कहा कि विद्यार्थियों में जीवन में हर रोज कुछ नया सीखने की ललक होनी चाहिए। इस तरह की प्रतियोगिताएं ही विद्यार्थियों को भविष्य में बड़ा मंच प्रदान करती हैं। विद्यालय की कला शिक्षिका विजेता गड़ोई के मार्ग दर्शन में बच्चों ने ने फोटो फ्रेम भी तैयार किए। साथ ही छात्राओं ने रक्षाबंधन को लेकर मनमोहक कविताओं का पाठ भी किया। इस मौके पर अर्चना चौहान, वैष्णवी, साक्षी, शिव रमोला, अनूप आदि मौजूद रहे।


पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी

# अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों की हो रही अनदेखी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** शासकीय प्रधानाचार्य परिषद ने शासन-प्रशासन पर अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों की अनदेखी का अरोप लगाया है। कहा कि लगातार विद्यालयों की अनदेखी की जा रही है। इस दौरान परिषद ने प्रधानाचार्य के रिक्त पदों पर पदोन्नति करवाने की भी मांग उठाई।

रविवार को परिषद के अध्यक्ष संजय सिंह रावत व सचिव मनवर लाल भारती की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। सदस्यों ने कहा कि शासन व प्रशासन की ओर से अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों के प्रति उपेक्षा दिखाई जा रही है। अधिकांश योजनाएं केवल राजकीय विद्यालयों के लिए ही बनाई जाती हैं।

विद्यालयों में सवित्त मान्यता के स्थान पर टोकन प्रोत्साहन धनराशि दिए जाने का शासनादेश इंटर स्तर पर 150 छात्र संख्या पर रखा गया है। जबकि, पर्वतीय क्षेत्रों में यह मानक पूर्ण करना एक चुनौती है।

कहा कि इस विषय में सरकार को गंभीरता से चिंतन करना चाहिए।

बैठक में पदोन्नति से प्रधानाचार्य के पदों को भरने के साथ ही शिथिलता अपनाने, वेतन में भुगतान में अधिक विलंब का समाधान करने की मांग उठाई गई। इस मौके पर दीनदयाल भारद्वाज, शिव सिंह बिष्ट, पुष्कर सिंह नेगी, रेणु नेगी, अतुल मिश्रा, प्रवीन सिंह, जयदेव बिष्ट, संदीप मैंदोला, महिपाल सिंह, केशवचंद्र खंतवाल, कमल सिंह बिष्ट, वीरेंद्र सजवाण, जयसिंह रावत आदि मौजूद रहे।

## अवैध शराब के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ीः** पौड़ी कोतवाली पुलिस ने चार पेटी अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम में केस दर्ज कर लिया है। कोतवाल गोविंद कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने शनिवार शाम को श्रीनगर रोड पर गडोली मोड पर एक व्यक्ति को चेकिंग के दौरान रोका। तलाशी लेने पर उसके पास से अंग्रेजी शराब की चार पेटियां बरामद हुई। कोतवाल ने आरोपी की पहचान मुकेश नेगी निवासी गडोली, पौड़ी गढ़वाल के रूप में कराई है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# आपदा प्रभावितों को रोटरी क्लब ने दिया राशन व अन्य सामान

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** रोटरी क्लब की ओर से कुष्ठ आश्रम में रह रहे खोह नदी बाढ़ प्रभावितों को उनकी जरूरत के अनुसार सामान वितरित किया गया साथ ही उनके लिए रहने के लिए टीन शेड बनाकर दिया गया।

क्लब अध्यक्ष कुलदीप अग्रवाल ने बताया कि काशीरामपुर तल्ला स्थित कुष्ठ आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में आपदा पीड़ित परिवारो को जरूरत के मुताबिक राशन, कुकर, बर्तन, कम्बल, गद्दे, फोल्डिंग बैड आदि सामान बांटा गया। साथ ही वहाँ रहने वाले लोगों के लिए टीन शेड बनाकर दिया गया। कहा कि आगे भी जरूरत के मुताबिक क्लब की ओर से सामान बांटा जायेगा। इस अवसर पर क्लब सचिव प्रतिभा गुप्ता ,कोषाध्यक्ष सचिन गोयल ,विजय कुमार माहेश्वरी, विपिन बक्शी, वाई पी गिलरा, अनीत चावला, गोपाल बंसल, धनेश अग्रवाल,निल भोला और अनुराग अग्रवाल सहित क्लब के अन्य सदस्य मौजूद रहे।


कोटद्वार में आपदा पीड़ितों को सामग्री देते क्लब के सदस्य

# 22 वीं पुण्य स्मृति दिवस पर दी श्रद्धांजलि

**सतपुलीः** सात तरुण युवाओं की 22 वीं पुण्य स्मृति पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों को भी सम्मानित किया गया। विकास खण्ड पोखड़ा के राजकीय आई टी आई सभागार में 22 पुण्य स्मृति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन राज्य आंदोलनकारी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य और सदस्य बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के पुष्कर जोशी और उनके परिवार द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि शान्ति देवी अध्यक्षा जिला पंचायत पौड़ी और विशिष्ठ अतिथि पोखड़ा ब्लॉक प्रमुख प्रीति देवी, बीरोंखाल ब्लॉक प्रमुख राजेश कंडारी, दयाल सिंह विष्ट पूर्व प्रमुख बीरोंखाल, बीजेपी जिला अध्यक्षा सुषमा रावत, बीजेपी पौड़ी प्रभारी विजय कपरवाण, बीजेपी जिला महामंत्री शशि रतूड़ी रहे। कार्यक्रम में पुण्य आत्माओं को के लिए शांति की कामना की गई। इस दौरान नूतन तनु पंत, अनूप, हरिपाल विष्ट, सुधीर सुंदरियाल, जय प्रकाश नवानी, चंद्रभान प्रकाश, विभूति जोशी, रमेश बोडाई को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गौर सिंह रावत ने की ओर मंच संचालन महिपाल सिंह द्वार किया गया। इस मौके पर इस मौके पर रामेश्वरी देवी जोशी, पुष्कर जोशी, बबीत रावत, प्रभु शरण बुडाकोटी, संजय जोश, बसंती लाल, शैलेंद्र दर्शन, महेंद्र रावत, सुमन ढोंढियाल, धर्मेंद्र सिंह, सरोजनी देवी, मैत्री प्रकाश, शशि चन्द्र रतूड़ी आदि मौजूद रहे।


आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धांजलि अर्पित करते सदस्य

## सामान्य ज्ञान में अनुराग व भाषण में सक्षम रहा अव्वल

**पौड़ीः** राजकीय जूनियर हाईस्कूल पैडुल में प्रतिभा दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभा दिवस का उद्देश्य छात्रों द्वारा अपनी प्रतिभा की पहचान, उसको प्रदर्शित करना, उसका आंकलन करते हुए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना है।सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को ओएमआर सीट भरना व बेहतर तैयारी हेतु सुझाव भी दिए गए। इस दौरान मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी के रूप में चयनित कक्षा 7 के छात्र शुभम को ट्राफी, मैडल व पुष्प देकर सम्मानित भी किया गया।

साथ ही हाल ही में स्वच्छता अभियान को लेकर ब्लॉक स्तरीय क्वीज प्रतियोगिता के तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों नितिन रावत व कृष को भी पुरस्कार देकर उत्साह वर्धन किया गया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में अनुराग नेगी व शुभम नेगी ने पहला, नितिन रावत ने दूसरा व मनोज ने तीसरा, भाषण प्रतियोगिता में सक्षम पटवाल पहले, वंश दूसरे व आयुष तीसरे स्थान पर रहे। इस मौके पर सभी छात्रों को हंस फाउंडेशन की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एसएमसी अध्यक्ष ममता नेगी, संचालन महेश गिरि, शांति नेगी, पुष्पा असवाल आदि शामिल रहे।

# ग्रामीणों ने अधिकारियों को गिनवाई अपनी समस्याएं

**पौड़ीः** सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत जिला पूर्ति अधिकारी ने कल्जीखाल के ग्रामसभा साकिनीबड़ी में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई। चौपाल में उद्यान, पशुपालन, पंचायत, मनरेगा सहित अन्य विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

चौपाल में ग्रामीणों के द्वारा सड़क, पानी, मनरेगा के तहत कार्य, गैस की आपूर्ति, बिजली के झूलते तारों, दिव्यांग पेंशन और उद्यान विभाग से पॉलीहाउस लगाए जाने से संबंधित शिकायतें की गई। जिला पूर्ति अधिकारी केएस कोहली ने बताया कि गैस की आपूर्ति शिकायत पर संबंधित गैस एजेंसी को गांव के नीचे विस्तार पटल स्वीकृत करवाए और प्रति माह कोई एक तिथि निर्धारित कर ग्रामीणों को नियमित रूप से गैस की आपूर्ति करने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने पॉलीहाउस की शिकायत पर ग्रामीणों को नियमानुसार शीघ्र पॉलीहाउस उपलब्ध कराने व पशुपालन विभाग को पशुओं में होने वाली बीमारियों के टीके लगाने को कहा।जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि गांव में विद्युत लाइन के तार अधिकतर झूल रहें हैं जिससे कभी भी कोई अनहोनी हो सकती है। उन्होंने ऊर्जा निगम को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। साथ ही जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा मिनी आंगनबाड़ी, सस्ते गल्ले की दुकानों, खाद्यान्न भंडार अद्वाणी का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कांसखेत में एक दुकान तय समय पर बिना किसी सूचना के बंद पाए जाने पर उसकी जमानत धनराशि जब्त की गई।

चौपाल में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी दिनेश चौहान, रोजगार सेवक सतेंद्र सिंह, क्षेत्र प्रसार अधिकारी राजेंद्र प्रसाद, सहायक विकास अधिकारी उद्यान त्रिभुवन प्रताप, पूर्ति निरीक्षक राकेश पंत, ग्राम प्रधान लक्ष्मी देवी आदि शामिल थे।

# दर्जनों लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता



बागेश्वर। बागेश्वर विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रचार तेज कर दिया है। अल्पसंख्यक वर्ग के कई लोगों ने रविवार को भाजपा की सदस्यता ली। इस दौरान भाजपा को जिताने का संकल्प लिया। प्रत्याशी को लेकर क्षेत्र भ्रमण किया। दिवंगत चंदन राम दास के सपनों को पूरा करने का भी संकल्प दोहराया। अल्पसंख्यक मोर्चे के जिलाध्यक्ष मोहीउद्दीन अहमद तिवारी के नेतृत्व में नगर में लोगों ने भ्रमण किया। प्रत्याशी पार्वती दास ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है वह उसे निभा रही है। बागेश्वर की जतना उन्हें जिम्मेदारी देने को तैयार है उसे भी वह बखूबी निभाएंगी। क्षेत्र का विकास करना उनका मकसद रहेगा। प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि बागेश्वर की जनता ने भाजपा को 17 साल से जो प्यार दिया है वह प्यार उपचुनाव में दोगुना होने वाला है। जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण ने सभी से पार्वती दास के पक्ष में मतदान की अपील की।इस मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुबोध साह, नगर मंडल अध्यक्ष रमेश तिवाड़ी, भाजयुमो पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज ओली, जिला महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा आसिफ हुसैन, जिला महामंत्री सोहेब खान ने कई कार्यकर्ताओं को सदस्यता दिलवाई।

## आज होगा ज्वाहरनगर में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

रुद्रपुर। शांतिपुरी के ग्राम जवाहरनगर राजकीय प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को शाम चार बजे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा

गांव के प्रधान दीपा ललित काण्डपाल ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश के शिक्षा सचिव, डीएम, ब्लॉक के अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी जनता की सभी समस्याओं का मौके पर ही सुनवाई कर तत्काल समाधान करेंगे।

इस दौरान स्वतंत्रता सेनानी आश्रितों, पूर्व सैनिकों तथा नवयुवक मंगलदल व महिला समूहों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुना जाएगा।

# शैल सांस्कृतिक समिति की जन्यों पुन्यू पर्व को लेकर बैठक



रुद्रपुर। शैल सांस्कृतिक समिति ने शैल परिषद की कार्यकारिणी और आजीवन सदस्यों की संयुक्त बैठक हुई। गोपाल सिंह पटवाल की अध्यक्षता में रक्षाबन्धन और जन्यों पुन्यू पर्व मनाने के सम्बन्ध में शैल परिषद के कार्यालय में बैठक हुई। रविवार को पंडित दिनेश चन्द्र पंत ने कहा कि वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार रक्षाबन्धन का पर्व हमेशा से ही भद्रा रहित काल में ही मनाया जाता है।

सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शैल भवन परिषद में रक्षाबन्धन और जन्यो–पुन्यू पर्व को 31 अगस्त को सुबह चार बजे से सुबह सात बजे तक मनाया जाएगा। इस दौरान दिवाकर पाण्डे, डीके दनाई, हरीश दनाई, दिनेश भट्ट, मोहन उपाध्याय ,राजेन्द्र बलौदी, संजीव बुधौरी, धीरज पाण्डे, सतीश लोहनी मौजूद रहे।

# अतिक्रमण के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के विरोध में जताया आक्रोश



अल्मोड़ा। लोक निर्माण विभाग द्वारा कर्बला से लेकर सिकुड़ा बैण्ड तक चिन्हित किए गए अतिक्रमण के विरुद्ध क्षेत्रीय जनता में आक्रोश व्याप्त है। धारानौला स्थित एक होटल में आयोजित बैठक में क्षेत्र के भवन व दुकान स्वामियों ने भागीदारी की। बैठक में अध्यक्षता करते हुए आनंद सतवाल ने कहा कि, विभाग का यह निर्णय जनता के लिए बेहद घातक साबित होगा। सैकड़ों लोग बेघर हो जाएंगे तथा सैकड़ों लोगों को अपनी रोजी–रोटी से साथ धोना पड़ेगा। बिशन बिष्ट ने कहा कि, यह सैकड़ों परिवारों के अस्तित्व का सवाल है। यदि यह कारवाई अमल में लाई जाती है तो सैकड़ों परिवार सड़क पर आ जाएंगे। गिरीश खोलिया ने कहा कि, प्रांतीय खण्ड द्वारा मौखिक रूप से हाईकोर्ट के आदेश के क्रम में यह कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। सभी पीड़ित परिवार 28 अगस्त को प्रांतीय खण्ड जाकर न्यायालय का आदेश मांगेंगे तथा इसके बाद आवश्यकता पड़ने पर न्यायालय का रुख किया जायेगा।

## पूर्व सैनिक संगठन ने रिटायर पूर्व सैनिकों का किया सम्मान

रुद्रपुर। पूर्व सैनिक संगठन की मासिक बैठक आयोजित की गई। जिसमें पूर्व में हुई बैठक में लिए गए निर्णयों पर हुई कार्रवाई और दिल्ली के रामलीला मैदान में हुई जनसभा को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान रिटायर पूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया। सैनिक संगठन के अध्यक्ष कैप्टन गंभीर सिंह धामी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें रिटायर हुए पूर्व सैनिक कैप्टन जोगिंदर सिंह, मोहन सिंह, सूबेदार मेजर खुशाल सिंह, हवलदार गोविंद सिंह, बद्रीनारायण नाथ, नरेंद्र सिंह भाटिया, केशर सिंह कन्याल का फूलमाला डाल कर स्वागत किया गया।

# किशोरी का अपहरणकर्ता बांग्लादेश सीमा पर गिरफ्तार



रुद्रपुर। पुलभट्टा पुलिस ने किशोरी के अपहरणकर्ता को बांग्लादेश सीमा से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नाबालिग युवती को बरामद कर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की है। 19 अगस्त को पीड़िता के पिता ने पुलभट्टा थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि 18 अगस्त को उसकी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री किच्छा में कोचिंग के लिए गयी थी। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटी। पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर नाबालिग की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने शक्ति फार्म, सितारगंज, किच्छा में संभावित स्थानों पर दबिश देकर सीसीटीवी फुटेज चेक किये। नाबालिग के मोबाइल नंबर की सीडीआर प्राप्त करने पर पुलिस को आरोपी की पहचान दीपक मंडल पुत्र वासुदेव मंडल निवासी काली मन्दिर गुरुग्राम शक्तिफार्म के रूप में हुई। दीपक मंडल भी 18 अगस्त से घर से गायब था। दीपक के दोस्त मोहन सरकार पुत्र अशोक सरकार निवासी देवनगर नं 3 शक्ति फार्म की निशानदेही पर पुलिस ने आरोपी दीपक को कलकत्ता में जिला 24 परगना के थाना स्वरूप नगर की चौकी चारघाट पश्चिम बंगाल से नाबालिग युवती को बरामद कर आरोपी दीपक मंडल को गिरफ्तार कर लिया।

# सामाजिक विज्ञान में सांख्यिकी के प्रयोग नवागंतुक शोधार्थियों के लिए अहमः प्रो भीमा मनराल



अल्मोड़ा। सोबन सिंह जीना परिसर के शिक्षा संकाय की डीन व विभागाध्यक्ष प्रो भीमा मनराल ने कहा कि वर्तमान समय में रिसर्च के फील्ड में नवांगतुक स्कोलरों के लिए सांख्यिकी प्रविधियों की सही जानकारी होना नितांत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि डेटा के कलैक्शन, टेबुलेशन, एनालिसिस एवं इंटरपिटेशन की सटीक जानकारी शोध प्रविधि का अहम हिस्सा है। बिना इसके ज्ञान के हम सामाजिक क्षेत्र के अनुसंधानों को पूरा नहीं कर सकते है। यह बात रविवार को एक दिवसीय रिसर्च मैथोडोलॉजी एवं सामाजिक विज्ञान में सांख्यिकी के प्रयोग पर आयोजित अतिथि व्याख्यान को संबोधित करते हुए शिक्षा संकाय की विभागाध्यक्ष व डीन प्रो भीमा मनराल ने कही। वहीं, सहायक प्राध्यापक डॉ रिजवाना सिद्दीकी ने कहा कि सामाजिक विज्ञान में अध्ययन का क्षेत्र विस्तृत हो गया है। समस्या का चयन, संबंधित साहित्य की समीक्षा से लेकर रिसर्च डिजाइन पूरी तरह से सिस्टमेटिक हो चुका है। इसलिए मानवीकी विषय के शोधार्थियों को सांख्यिकीय प्रविधि के चयन एवं प्रयोग में विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

## गरुड़ में बैजनाथ पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों के जवानों ने किया फ्लैग मार्च

बागेश्वर। विधानसभा उपचुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवानों ने थाना बैजनाथ क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। बैजनाथ के थानाध्यक्ष कुंदन सिंह रौतेला के नेतृत्व में बैजनाथ पुलिस और आईटीबीपी के जवानों ने संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च किया। इस दौरान संयुक्त टीम ने जनता को आगामी विधानसभा उप निर्वाचन को शांतिपूर्वक और सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए आदर्श आचार संहिता का पालन करने,पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

# आर्यन छात्र संगठन की फ्रेशर पार्टी में उमड़ी छात्र–छात्राओं की भीड़



अल्मोड़ा। आर्यन छात्र संगठन द्वारा रविवार को फ्रेशर्स एवं फ़ेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में छात्र–छात्राएं सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व दर्जामंत्री बिट्टू कर्नाटक, नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष सुशील साह, पालिका सभासद अमित साह, पालिका सभासद अर्जुन बिष्ट तथा अधिवक्ता वैभव पांडेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संगठन के बारे में सभी अतिथियों ने अपनी बात रखी। सचिव गौरव भंडारी ने कहा कि इतना विरोध होने के बाद भी आर्यन संगठन ने छात्रा छात्राओं की बातों को रखते हुए इस पार्टी का आयोजन किया।

# बागेश्वर का युवा भाजपा से बदला लेने को तैयारः देवेंद्र यादव



बागेश्वर। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव का बागेश्वर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। यहां आयोजित ब्लॉक अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि आज देश को कांग्रेस की जरूरत है। भाजपा के कुशासन को खत्म करने के लिए हमें आगे आना होगा। बागेश्वर के युवा भाजपा से बदला लेने को तैयार है। भर्ती घोटालों को वह नहीं भूले हैं। कहा कि कांग्रेस विधानसभा उपचुनाव जीतकर इतिहास रचेगी।

यहां एक पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में यादव ने कहा कि बागेश्वर में जो बदलाव की लहर चल रही है इसका परिणाम जल्द सामने आएगा।

हमारा मुकाबला ऐसे लोगों से है, जिन्होंने पूरे देश को बर्बाद करने का काम किया है। आज हमें अपने दुख–दर्द को भूलना होगा और एक होकर मजबूती से आगे बढ़ना होगा। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र को खत्म करने पर तुली है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को खत्म करने का काम किया जा रहा है। बदलाव का संकल्प आज बागेश्वर की जनता ने लिया है। आज गरीबों को उनकी पुस्तैनी जमीनों से हटाया जा रहा है। उनको उनके ही पारिवारिक जमीनों से हटाने का काम किया जा रहा है।

हम धन बल, ताकत, अहंकार, घमंड, तानाशाही के खिलाफ लड़ रहे हैं। आज माहौल भी है और मौका भी है। आठ सितंबर को जब यहां रिजल्ट आएगा तो देश में बागेश्वर का अलग नाम होगा और इतिहास भी लिखेगा। प्रदेश अध्यक्ष करन महरा ने कहा कि कांग्रेस की सरकार केंद्र में आते ही अग्निपथ योजना को हटाकर पुराने स्वरूप को लाने का काम किया जाएगा। पुरानी पेंशन योजना को लागू करने का काम करेंगे।

बागेश्वर विधानसभा से हम इस चुनाव से लोकसभा चुनाव के मार्ग को प्रस्तत करेंगे। उन भर्ती परीक्षा को लीक करने वालों से बदला लेने का काम करना है। इस मौके पर सह प्रभारी दीपिका पांडेय, पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, प्रत्याशी बंसत कुमार, हरीश ऐठानी, ललित फर्स्वाण, महेंद्र लुंठी, भुवन कापड़ी, सुमित हृदयेश, सुमितर भुल्लर, गीता रावल, गोपा धपोला, जिलाध्यक्ष भगवत डसीला, अर्जुन भट्ट, भैरवनाथ टम्टा आदि मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में बाइक चालक की मौत, टैक्ट्रर चालक पर मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर। 13 अगस्त को भूरारानी के पास अज्ञात टैक्ट्रर ट्राली ने एक बाइक सवार को टक्कर मार कर फरार हो गया था। इसके बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की मां की तहरीर के अधार पर पुलिस ने टैक्ट्रर चालक पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं मामले की जांच शुरू कर दी है। अम्बिका विहार कॉलोनी भूरारानी निवासी ज्ञानवती पत्नी स्व़ लाला राम ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीती 13 अगस्त रात नो बजे उसका बेटा धर्मेंद्र इंद्रा कॉलोनी से बाइक में घर जा रहा था। आरोप है कि इस दौरान भूरारानी के पास अज्ञात टैक्ट्रर ट्राली ने तेजी और लापरवाही के चलते बाइक को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। इसके उसके मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद टैक्ट्रर चालक टैक्ट्रर लेकर फरार हो गया।

# विकास में भूमिका निभाने वाले किये गये सम्मानित

रुद्रपुर। बंगाली समाज के उत्थान और विकास में अहम भूमिका निभा रहे लोगों को सम्मानित किया गया। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों के अलावा विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी कई हस्तियां उपस्थिति रहीं। रविवार को ग्राम सभा बैकुंठपुर में आंचलिक बंगाली कल्याण समिति की ओर से भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें कला, साहित्य, स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, समाज सेवा, राजनीति एवं पत्रकारिता सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोग सम्मानित किए गए। मुख्य अतिथि पैरा एथलीट प्रेमा विश्वास, पूर्व विधायक किरण मंडल, नपं अध्यक्ष सुनील विश्वास, निर्मल सरकार, एसआई जगदीश चंद्र तिवारी, संजीव नारायण मंडल ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान आंचलिक बंगाली कल्याण समिति के अध्यक्ष रामचंद्र राय ने कहा कि शुरुआत से ही सचेत और जागरूक रहा बंगाली समाज का प्राचीन काल में हुए भक्ति आंदोलन से लेकर भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन तक में विशेष योगदान रहा है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य अनिमा सिंह, उत्तम आचार्य, ग्राम प्रधान राजा हालदार, अशोक माली, देबू मंडल, विष्णु प्रमाणिक, प्रियजीत राय, रविंद्र सिंह, नरेश साना, किशोर राय, मनोज विश्वास, सुमित मंडल, सुजन सरकार, मोहित कुमार, पंकज राय, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

पैरा एथलीट प्रेम विश्वास को किया सम्मानितः खेल जगत में बंगाली समाज का नाम उंचा करने वाली पैरा एथलीट प्रेम विश्वास को भी सम्मानित किया गया।

# जिला स्तरीय बाल विज्ञान में इंका सनेती का दबदबा

बागेश्वर। उत्तराखंड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकोस्ट) के तत्वावधान में यहां आयोजित द्वितीय सीमांत पर्वतीय जनपद बाल विज्ञान महोत्सव में लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज का दबदबा रहा। विभिन्न प्रतियोगिताओं में यहां के वैज्ञानिकों ने बेहतर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में तीनों विकासखंड के वैज्ञानिकों ने भाग लिया। पांच विषयों में आयोजित प्रतियोगिता के विजेता प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। राजकीय इंटर कॉलेज बागेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में बाल वैज्ञानिकों के नाटक, पोस्टर, क्विज, कविता पाठन अंग्रेजी, हिंदी व स्थानीय भाषा के जूनियर व सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता हुई। जनपद संयोजक दीप चंद्र जोशी ने कहा कि सीमांत पर्वतीय क्षेत्र के बाल वैज्ञानिकों को अवसर प्राप्त करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित हुआ है। यूकोस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत ने गत वर्ष से यह कार्यक्रम शुरू किया है। इस वर्ष राज्य स्तरीय कार्यक्रम गोमेश्वर में होगा। इस मौके पर राजीव निगम, जीतेंद्र जोशी, हेम लोहनी, दीपक चंद्र, गरिमा साह, विनीता असवाल, श्वेता जोशी, विक्रम पिल्ख्वाल, मंजू बिष्ट, पंकज साह, आदि मौजूद रहे। ये रहे विजेताः पोस्टर प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में सुमित जनौटी प्रथम, तान्या नेगी द्वितीय, प्रिया कोरंगा तृतीय रहीं। नाटक प्रतियोगिता में राइंका कपकोट प्रथम, आनंदी एकेडमी द्वितीय, राइंका लोहारचौरा तृतीय, कविता पाठ हिंदी व स्थानीय भाषा में रिया राठौर इंका सनेती प्रथम, गरिमा बिष्ट राउमावि आरे द्वितीय, खुशी मेहता राबाइंका ऐठाण तृतीय, कविता पाठ अंग्रेजी में दिव्या पांडेय राइंका सनेती प्रथम, जया आर्या राइंका मंडलसेरा द्वितीय तथा अंशु राउमावि उत्तरौड़ा तृतीय रहीं। क्विज में राउमावि पंत क्वैराली प्रथम, सीनियर वर्ग की पोस्टर प्रतियोगिता में प्रिया जोशी राइंका मैगड़ीस्टेट प्रथम, खुशबू आर्या राइंका मंडलसेरा द्वितीय,, कविता प्रतियोगिता हिंदी व स्थानीय भाषा में निशा भट्ट आनंदी एकेडमी प्रथम, सामेश तिवारी विविमं मंडलसेरा द्वितीय, प्रिया राइंका कौसानी तृतीय तथा क्विज प्रतियोगिता में आनंदी एकेडमी बागेश्वर प्रथम, राइंका सिरकोट द्वितीय और राइंका कन्यालीकोट तृतीय स्थान पर रहे।

## कौधारतन में पशु बांझपन जागरूकता शिविर का आयोजन

रुद्रपुर। कौधारतन गांव में पशु बांझपन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। पंतनगर पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता ने पशुओं में होने वाले रोग और उनसे बचाव की जानकारी दी। शिविर का शुभारम्भ पंतनगर पशु चिकित्सा एवं विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसपी सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. एसबी पांडे ने किया। इस दौरान पशुपालकों को पशुओं में बांझपन व परजीवी रोगों के बारे में बताया गया। साथ ही रोगों से बचाव की जानकारी दी गई। इस दौरान करीब 50 गाय, बिल्ली व कुत्तों का निःशुल्क इलाज भी किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. जेएल सिंह, डॉ. विधि, डॉ. लक्षिता, डॉ. सिमरनजीत सिंह व डॉ. गंगादत्त कांडपाल ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी।

# ग्रामीणों के लिए वरदान बना हंस फाउंडेशन



चम्पावत। हंस फाउंडेशन ग्रामीणों के लिए वरदान बन रहा है। ये फाउंडेशन एंबुलेंस के जरिए दूरस्थ क्षेत्रों में जाकर मरीजों का उपचार कर रहा है।

फाउंडेशन जिले के पहाड़ी हिस्से में छह एंबुलेंस का संचालन कर रहा है। हंस फाउंडेशन दूरस्थ क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए मददगार बन रहा है।

हंस फाउंडेशन ने जुलाई 2022 से जिले के पहाड़ी हिस्से में काम करना शुरू किया। चम्पावत व लोहाघाट ब्लॉक में दो–दो और पाटी व बाराकोट में एक–एक एंबुलेंस के सहारे दूरस्थ क्षेत्रों में मरीजों का इलाज किया जा रहा है। इससे अब तक आठ हजार से अधिक मरीजों का उपचार किया जा चुका है। जबकि दो हजार से अधिक मरीजों के खून की जांच की जा चुकी है। एंबुलेंस में एक डॉक्टर, एलटी, एसपीओ समेत पांच लोगों की तैनाती की गई है। एंबुलेंस से 30 से अधिक खून की जांच होती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में रोस्टर बना कर एंबुलेंस का संचालन किया जा रहा है। एंबुलेंस के जरिए सीमांत पंचेश्वर, डुंगरा बोहरा, रौंसाल, वालिक और सिमलखेत के दूरस्थ इलाकों में मरीजों की नब्ज देखी जा रही है।

# कृषक गोष्ठी का आयोजन किया



नई टिहरी। भिलंगना ब्लाक के ग्राम पंचायत दोणी वल्ली में कृषि विभाग एवं पशुपालन विभाग की ओर से कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कृषि अधिकारियों ने ग्रामीण किसानों को मिलेट मिशन के अंतर्गत मंडुवा की खेती करने एवं उसके विक्रय के बारे में जानकारी दी है। दोणी वल्ली ग्राम प्रधान मानवेंद्र सिंह राणा की अध्यक्षता में आयोजित कृषि एवं पशुपालन गोष्ठी में कृषि विभाग के ब्लॉक प्रभारी बालेश्वर प्रसाद ने काश्तकारों को खेती से जुड़ी तमाम जानकारी दी है, उन्होंने किसानों को मिलेट मिशन के तहत अधिक मंडुवा उगाने के साथ मंडुवा की बिक्री पर जोर दिया। बताया विभाग अक्टूबर से दिसम्बर तक काश्तकारों से 38.46 प्रति किलो. की दर से मंडुवे की खरीद करेगा,जिसका भुगतान सीधे कास्तकार के खाते में किया जायेगा। अधिकारियों ने किसानों को किसान पेंशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी। पशुपालकों को दवाई भी वितरित की गई। मौके पर डॉ. डीएस मोलफा, मुकेश नौटियाल, नीलम जौहर, सुभाष सेमवाल, बीरबल बिष्ट, आनन्द नेगी, विक्रम नेगी, दरब्यान सिंह राणा, लाल सिंह नेगी, धर्म सिंह बिष्ट, सोहन राणा, दयाराम पेटवाल, चतर सिंह नेगी सहित भारी संख्या में किसान मौजूद थे।

## लंबगांव में व्यापारी के निधन पर शोक जताया

नई टिहरी। लंबगांव बाजार के व्यापारी विनोद पंवार( 46) का देहरादून स्थित एक अस्पताल में उपचार चला रहा था, बीते शनिवार को उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। विनोद व्यापारी होने के साथ–साथ सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहते थे। विनोद अपने पीछे दो बच्चे और पत्नी छोड़ गये हैं, उनके निधन का समाचार मिलते ही लंबगांव बाजार में शोक की लहर छा गई।

उनका अंतिम संस्कार ऋषिकेश स्थित पूर्णानंद घाट पर किया गया। रविवार को लंबगांव व्यापार मंडल की ओर से शहीद विजेंद्र सिंह चौहान स्मारक पर शोक सभा का आयोजन किया गया। दुख जताने वालों में व्यापार मंडलध्यक्ष युद्धवीर राणा, केशव रावत, अर्जुन बिष्ट, सौरभ रावत सहित लोग मौजूद थे।

# महिला समूह की महिलाओं ने पुलिस के जवानों को बांधा रक्षा सूत्र

रुद्रप्रयाग। चोपता–दुर्गाधार क्षेत्र में दुर्गाधार की महिला समूह से जुड़ी महिलाओं ने दुर्गाधार पुलिस चौकी में तैनात जवानों को रक्षा सूत्र बांधते हुए उनकी मंगलकामना की। साथ ही उन्हें रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर मिष्ठान वितरण भी किया गया। महिला समूह की अध्यक्ष और समाज सेविका दुर्गा करासी द्वारा चलाए गए रक्षा सूत्र अभियान को लेकर रविवार को दुर्गाधार पुलिस चौकी के जवानों के लिए एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला समूह की अध्यक्ष दुर्गा करासी ने चौकी प्रभारी योगेश कुमार चौधरी को तिलक लगाते हुए उनकी कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर मंगल कामना की। जबकि क्षेत्र की महिला समूह की अन्य बहनों ने भी सभी पुलिस जवानों को तिलक वंदन कर रंग बिरंगी राखियां पहनाई। साथ ही उन्हें मिठाई खिलाई। दुर्गा करासी ने रक्षासूत्र अभियान को लेकर विस्तार से जानकारी दी। कहा कि पहले उन्हें इस कार्य के लिए रुद्रप्रयाग जाना पड़ता था किंतु पीएम नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का बहुत आभार है जो उनके द्वारा यह अवसर दुर्गाधार में ही मिल गया है। चौकी खोलकर यहां इस भव्य आयोजन को करने का अवसर मिला है। रक्षा सूत्र अभियान कार्यक्रम में दुर्गाधार चोपता पुलिस चौकी प्रभारी योगेश कुमार चौधरी ने सभी मातृ शक्तियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी माता बहनों ने सभी पुलिस स्टाफ को राखी बांधी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में सुख शांति और बेहतर कानून व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस दृढ़ संकल्प है। इस मौके पर दुर्गाधार चोपता पुलिस चौकी प्रभारी योगेश कुमार, हेड कांस्टेबल सुधीर नेगी, पंकज राणा, विनोद कुमोला, सूरज कुमार, अनूप कुमार, मानेंद्र कुमार, समाज सेविका दुर्गा करासी, रश्मी देवी, प्रियंका करासी, गीता देवी, माया देवी, मीना देवी आदि मौजूद थे।

## ऊर्जा निगम की टीम ने बिजली चोरी पकड़ी

रुड़की। बिजली चोरी की शिकायत पर ऊर्जा निगम की लक्सर डिवीजन के एसडीओ प्रवेश कुमार, जेई दिवाकर मौर्य ने सुल्तानपुर निवासी शमीम पुत्र हबीब के परिसर पर छापेमारी की। जांच में पास के पोल से सीधे घर तक केबल डालकर बिजली चोरी करने की पुष्टि हुई है।

# कानून व्यवस्था बनाना पहली प्राथमिकताः पंत

चमोली। थराली के नवनियुक्त थाना प्रभारी देवेंद्र पंत ने स्थानीय व्यापारियों एवं मकान मालिकों से बैठक कर कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि बिना सत्यापन के बहारी क्षेत्रों से आकर रह रहे किराएदारों को अपने घरों में रखने वाले भवन स्वामी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बिना आईडी प्रूफ के फड़, ठेली एवं फेरी लगाते हुए पाये जाने पर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

थराली थाने में नवनियुक्त थानाध्यक्ष देवेंद्र पंत ने थराली की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाने में व्यापारियों, मकान मालिको एवं टैक्सी यूनियन के साथ एक बैठक की। जिस में उन्होंने कहा कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए व्यापारियों, भवन स्वामियों, वाहन स्वामियों, चालकों, जनप्रतिनिधियों के विशेष सहयोग की आवश्यकता होती है। अपराधों को रोकने के लिए बहारी क्षेत्रों के लोगों का सत्यापन बेहद जरूरी हैं। उन्होंने कहा तेजी से बढ़ रहें साइबर क्राइम को रोकने और क्राइम होने पर तत्काल नजदीकी थाने में सूचना देने की अपील की। इस मौके पर व्यापारियों ने भी अपने सुझाव दिए।बैठक में व्यापार संघ अध्यक्ष संदीप रावत, प्रमोद सिंह,हीरा सिंह चिनवान, राजेंद्र गुसाईं,देवेंद्र फर्स्वाण, प्रमोद परिहार, गजपाल गड़िया आदि उपस्थित रहे।

## नशे के खिलाफ होगी कड़ी कर्णप्रयाग पुलिस

चमोली। कोतवाली का प्रभार संभालने के बाद नवनियुक्त थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि पुलिस नशे के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। पुलिस चौकी में पत्रकारों के साथ औपचारिक मुलाकात में रावत ने कहा कि एंटी ड्रग्स अभियान को तेज किया जाएगा। साथ ही चार धाम यात्रा मार्ग पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएंगे। बदरीनाथ हाईवे पर गौचर की ओर और लंगासू की ओर चिह्नित डेंजर जोन का स्थलीय निरीक्षण करते हुए कहा कि मार्ग पर कई जगह संवदेनशील प्वाइंट हैं।

## एएसपी ने चंबा थाने का निरीक्षण किया

नई टिहरी। बीते सोमवार को चंबा थाने के पास हुये भारी भूस्खलन के दौरान थाना पुलिस की ओर से तेजी से राहत बचाव कार्य किया गया,जिसके लिये एएसपी ने पुलिस जवानों की सरहना करते हुये उन्हें पुरस्कार देने की घोषणा की। एएसपी टिहरी जोधराम जोशी ने रविवार को चंबा थाने पहुंचकर चंबा थाने में महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, मैस, थाने के क्षतिग्रस्त गेट आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने शिकायती प्रार्थना पत्रों,सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों आदि की जानकारी देते हुये उनके निस्तारण के निर्देश दिये। एएसपी ने अधिकारियों और कर्मचारियों की समस्याओं को भी सुना, उन्होंने थानाध्यक्ष एलएस बुटोला को भूस्खलन वाले स्थान पर हर समय पुलिस जवानों की तैनाती करने के निर्देश दिये,साथ ही जर्जर चंबा थाना भवनों और परिसर हेतु उच्चाधिकारी को पत्राचार के निर्देश भी दिये।

# आपदा प्रभावितों को एलडीआरएफ ने पहुंचाया राशन



चमोली। अपने कंधों पर राहत सामग्री लेकर सेवा भाव में लगने वाली एलडीआरएफ की टीम आपदा प्रभावित गांवों में पहुंची और आपदा प्रभावितों को राहत सामग्री बांटी।

\चमोली जिले में बीते दिनों अतिवृष्टि और भूस्खलन से प्रभावित परिवारों को एलडीआरएफ ने राहत सामग्री बांट कर राखी बंधवाई। एलडीआरएफ की संरक्षक अंकोला पुरोहित ने कहा कि शनिवार को दशोली विकासखंड के नैणी, खांणा, खाण्डरा , ग्यलनचना तोक के 40 प्रभावित परिवारों की बहिनों के बीच एलडीआरएफ (लोकल डिजास्टर रिलीफ फोर्स) भाइयों को देखकर बहिन भावुक हो गईं। मौके पर मौजूद महिलाओं ने भाई की कलाई पर राखी बांधकर रक्षाबंधन पर्व की शुरुआत की। बताया कि प्रथम फेस को पूर्ण किया गया द्वितीय फेस में पीपलकोटी की बहिनों के पास सभी भाई लोग पहुंचेंगे। मदद को लेकर। इस मौके पर विपिन कंडारी, दीपक, प्रकाश नेगी, वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र रावत अंशू, दीपक रतूड़ी, देवेंद्र गौड़, हैप्पी, अमित ठाकुर आदि मौजूद थे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात



रुड़की। नगर में विभिन्न स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस दौरान प्रधानमंत्री ने चंद्रयान की लैंडिंग को बड़ी उपलब्धि बताया। जी–20 की आगामी कार्यक्रम पर भी चर्चा की।

कार्यक्रम के बाद वक्ताओं ने कहा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम 104 वें संस्करण को भारतीय जनता पार्टी पश्चिम मंडल द्वारा गणेशपुर दक्षिण शक्ति केंद्र पर कार्यकर्ताओं द्वारा सुना गया।

कार्यक्रम के बाद मंडल अध्यक्ष संजीव तोमर ने कहा प्रधानमंत्री की अगुवाई में देश नित नए कीर्तिमान स्थापित कर विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है। जहां चंद्रयान की सफल लैंडिंग से वैज्ञानिकों ने विश्व में देश का लोहा मनवाया है। इस अवसर पर पार्षद कुलदीप तोमर, अमित प्रजापति, अवनीश त्यागी, अनुज त्यागी, सुमित अग्रवाल, सतीश शर्मा, सुशील पुंडीर, लक्ष्मी चंद, दिनेश पासवान, अर्जुन पाल, बिट्टू कुमार, नवीन त्यागी, सुनील यादव, विजय वर्मा, प्रमोद त्यागी, अर्पित त्यागी, दीपक चंचल, अर्जुन चौधरी, मुनेश त्यागी आदि उपस्थित रहे। वहीं दूसरी ओर पूर्वी मंडल के शक्ति केंद्र सिविल लाइन मध्य बूथ नंबर 101 में मंडल अध्यक्ष संजय त्यागी के प्रतिष्ठान पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री की बातों को सुनने के साथ जन जन तक पहुंचाने की बात कही। कार्यक्रम में मंडल प्रभारी भीम सिंह, मंडल उपाध्यक्ष रतन अग्रवाल, शक्ति केंद्र संयोजक रीना अग्रवाल, काजल त्यागी, शशांक त्यागी, के अजीत अभिमन्यु,वैध टेक वल्लभ, मनोज सक्सेना, तरुण सेठी, अमित अग्रवाल, रीता अग्रवाल, ओमपाल, विक्की आदि उपस्थित रहे।

## लंगासू में प्रस्तावित शराब की दुकान खिलाफ जारी रहा धरना–प्रदर्शन

चमोली। लंगासू में प्रस्तावित शराब की दुकान के खिलाफ ग्रामीणों का धरना रविवार को भी जारी रहा। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक लंगासू में आवंटित शराब की दुकान को निरस्त नहीं किया जाता तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। आबकारी विभाग ने लंगासू में नंदप्रयाग में संचालित अंग्रेजी शराब की उपदुकान स्वीकृत की है। ग्रामीणों को इसकी भनक लगते ही ग्रामीणों ने दुकान के आगे धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग ने ग्रामीण आस्था के प्रतीक चंडिका देवी मंदिर के पास ही शराब की दुकान खोली है। जिससे नाराज ग्रामीण यहां शराब की दुकान के विरोध में दिन रात धरना दे रहा है। वहीं आबकारी विभाग का कहना है कि लंगासू में उपदुकान आबकारी नीति के अनुसार ही खोली गई है। इधर रविवार को टीका प्रसाद मैखुरी, सुनील पंत, राकेश कुमार डिमरी, भगवती प्रसाद चमोली, धीरेंद्र नेगी, राजेंद्र डिमरी, गिरीश नगवाल, गंगाधर मैखुरी, विनोद कंडारी, संजय नगवाल, प्रकाश डिमरी, प्रेम मेवाड़, महिला मंगल दल अध्यक्ष आशा गोस्वामी, सविता सिमल्टी आदि शामिल थे।



# पुलिस ने चलाया सत्यापन अभियान

रुड़की। थाना प्रभारी राजीव रौथान के नेतृत्व में पुलिस ने औद्योगिक क्षेत्र के मड़ावर, सिसौना गांव में सत्यापन अभियान चलाया। औचक सत्यापन अभियान को देख बाहरी प्रदेशों से आकर रह रहे लोगों में खलबली मच गई । इस दौरान करीब 35 लोग अवैध रूप से रहते पाए गए जिनके खिलाफ 83 पुलिस एक्ट के तहत चालन कार्यवाही की गई। साथ ही 5 लोगों से 2500 रुपये का जुर्माना भी वसूला। थाना प्रभारी राजीव रौथान ने बताया कि पुलिस आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए बाहरी प्रदेशों से आए लोगों का सत्यापन कर रही हैं। अवैध रूप से रह रहे लोगो के खिलाफ कार्यवाई की जा रही हैं।



# पीएम मोदी के मन की बात का 104वां संस्करण सुना

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे.पी नड्डा के साथ ऋषिकुल आयुर्वेद कॉलेज, हरिद्वार में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मन की बात के 104 वें संस्करण को सुना।इस दौरान कैबिनेट मंत्री श्री सतपाल महाराज, सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, भाजपा प्रदेश प्रभारी श्री दुष्यंत कुमार गौतम, सांसद रेखा वर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री महेंद्र भट्ट, प्रदेश महामंत्री संगठन श्री अजेय कुमार, विधायक मदन कौशिक एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## भाजपा को चुनावी मुद्दे की आवश्यकता नहीं : दुष्यंत गौतम

हरिद्वार। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम ने कहा कि पार्टी को चुनावी मुद्दे की आवश्यकता नहीं होती। हमारे नेता और पदाधिकारी सेवाभाव के साथ जनता के बीच रहते हैं।

लोकसभा चुनाव की तैयारी भाजपा को उतनी ही तैयारी करनी होती है जैसे परीक्षा से पूर्व छात्र को करनी होती है। यह बात उन्होंने रविवार को ऋषिकुल ऑडिटोरियम में आयोजित पीएम के मन की बात कार्यक्रम के दौरान कही। यहां आयोजित प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हिस्सा लिया।

# 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के अंतर्गत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे.पी नड्डा के साथ रविवार को ऋषिकुल आयुर्वेद कॉलेज परिसर, हरिद्वार में 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के अंतर्गत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने देश की आजादी एवं देश की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले बलिदानियों का स्मरण किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पं. श्री मदनमोहन मालवीय जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कैबिनेट मंत्री श्री सतपाल महाराज, सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, भाजपा प्रदेश प्रभारी श्री दुष्यंत कुमार गौतम, सांसद रेखा वर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री महेंद्र भट्ट, प्रदेश महामंत्री संगठन श्री अजेय कुमार, विधायक श्री मदन कौशिक एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# नशा मुक्ति अभियान के तहत पुलिस ने किया चौपाल का आयोजन



रुड़की। उत्तराखंड को वर्ष 2025 तक नशा मुक्त घोषित किए जाने के मिशन पर काम करते हुए कोतवाली पुलिस ने लंढौरा क्षेत्र में चौपाल का आयोजन किया। चौपाल में ग्रामीणों के साथ संवाद स्थापित करते हुए युवाओं को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई गई। इसके साथ ही गोरा शक्ति एप के बारे में भी लोगों को जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों द्वारा पूछे गए कई प्रश्नों के उत्तर भी दिए पुलिस ने कहा कि सभी के सहयोग से इस मिशन को सफल बनाया जा सकता है। प्रदेश सरकार ने वर्ष 2025 तक राज्य को नशा मुक्त घोषित किए जाने की घोषणा की है। इस संबंध में लगातार प्रचार प्रसार किया जा रहा है साथ ही गांव देहात में पहुंचकर लोगों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारियां भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस अवसर पर लंढौरा चौकी प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह के अलावा ग्राम प्रधान रियासत अली, जावेद अली, कुर्बान अहमद, मुस्तकीम अहमद, संतोष कुमार आदि भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## भड़काऊपोस्ट डालने वाले पर मुकदमा दर्ज

रुड़की। दो दिन पहले खानपुर क्षेत्र के किसी युवक ने समुदाय विशेष के बारे में आपत्तिजनक बातें लिखी पोस्ट अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर डाल दी थी। करीब 10–12 घंटे के बाद पोस्ट पर ढेरों कमेंट आने शुरू हुए, तो घबराए युवक ने इसे अपने एकाउंट से डिलीट कर दिया। मगर इससे पहले पोस्ट वायरल हो चुकी थी। क्षेत्र के लोगों ने गोवर्धनपुर चौकी पुलिस से इसकी लिखित शिकायत की थी।

# सैना समाज हर वर्ग की मदद के लिए सदैय तत्परः अनिल सैनी



रुड़की। ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज उत्तराखंड प्रदेश कार्यकारिणी की आयोजित बैठक में पदाधिकारियों ने कहा कि सैनी समाज हर वर्ग के जरूरतमंदों की मदद व सेवा करने के लिए सदैव तत्पर है।

अपने समाज के उत्थान के लिए उनके द्वारा विभिन्न उत्कृष्ट कार्य किए जा रहे हैं। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की घोषणा की गई। जिसमें भोपाल सिंह सैनी को प्रदेश महासचिव, वीरेंद्र सैनी को युवा प्रदेश अध्यक्ष और रोमा सैनी को महिला प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई।

सम्पादकीय

# नफरत परोसते शिक्षा के मंदिर


विद्यालय की छवि बच्चों के लिए उसके सुनहरे भविष्य का काम करती है लेकिन न जाने इन दोनों स्कूलों में ऐसे कार्य हो रहे हैं जो बच्चों के कोमल मन को व्यतीत कर रहे हैं। समस्या पर है कि आखिर स्कूल अपने मूल्य उद्देश्य से भटक कर ऐसी हरकतें क्यों कर रहे हैं जिनका संबंध सीधे धर्म से जुड़ा हुआ सामने आ रहा है। एक बार विद्यालय के परिसर में प्रवेश करने के बाद विद्यालय प्रबंधन का कार्य केवल अच्छी शिक्षा उपलब्ध कराना होना चाहिए ना की बच्चों को धर्म के आधार पर गलत कार्य करने को प्रेरित किया जाय। राजधानी देहरादून में पिछले दोनों एक विद्यालय में बच्चों से नमाज पढ़ाने करने का प्रकरण काफी उछला था तो वही कई ऐसे मामले सामने आते रहे जिन्हें लेकर अभिभावकों एवं धार्मिक संगठनों ने विरोध प्रकट किया। अब मुजफ्फरनगर का एक प्रकरण शिक्षकों की भूमिका पर सवाल खड़े कर रहा है जिसमें एक छात्रा को उसके सहपाठी पीटते हैं और शिक्षिका उसे मुस्लिम बोलकर पूर्वाग्रह से त्रस्त नजर आ रही है। मामला मुजफ्फरनगर के मंसूरपुर थाना क्षेत्र के खुब्बापुर गाँव के नेहा पब्लिक स्कूल का है जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद धार्मिक द्वेष फैलाने का यह रूप विद्यालय परिसर में देखने को मिला है। विडियो मे स्कूल की टीचर एक छात्र को मुस्लिम कहकर दूसरे छात्रों को उसे पीटने के लिए प्रेरित कर रही हैं। यही नहीं वह सहपाठियों द्वारा हल्का मारने पर उन्हें कहती है कि जोर से मारो और इस बार कमर पर मारो।'! एक अध्यापक का यह कैसा आचरण है, क्या शिक्षा के मंदिर में इस प्रकार की मानसिकता बच्चों को राष्ट्र प्रेम एवम धार्मिक सद्भाव के प्रति प्रेषित कर सकेगी? एक बालक को एक अपराधी की तरह खड़ा करके सहपाठियों से उसे पिटवाया जाता है और वही खुलेआम छात्र का वीडियो भी बनता है। अपने ही सहपाठियों से किसी अपराधी की भांति मार खाने पर इस छात्र की मनोदशा क्या होगी इसकी कल्पना वही कर सकता है जो ऐसे हालातो से गुजरा हो। निश्चित तौर पर इस पूरे प्रकरण केवल और केवल शिक्षिका दोषी है जिसे शायद यह तक ज्ञान नहीं है कि बाल सुलभ मन छोटी से छोटी बात को भी अपने जेहन में ऐसे बिठा लेता है, जिसका असर उसके पूरे जीवन में भी पड़ सकता है। वीडियो वायरल होने के बाद शिक्षिका ने माफी मांगी लेकिन या माफी अपराध बोध की नहीं है बल्कि वीडियो वायरल होने के बाद सामने आने वाले परिणामों से भयभीत होकर मांगी गई है। कक्षा में बैठकर जिस दबंगता से शिक्षिका बच्चों को एक छात्रा को पीटने के लिए प्रोत्साहित कर रही है वह बेहद शर्मनाक है। हो सकता है एक छोटे से कस्बे का मामला होने के कारण पूरे मामले को किसी तरह मैनेज करने की भी कोशिश हो सकती है लेकिन शिक्षा विभाग को इस प्रकार के मामलों को बेहद गंभीरता से लेना चाहिए और अपने स्तर पर इस शिक्षिका के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक मिसाल कायम करनी चाहिए, ताकि भविष्य में किसी भी बच्चों के साथ धर्म विशेष को आधार बनाकर ऐसी हरकत ना हो। विद्यालयों में बच्चों को सर्वधर्म समभाव का पाठ पढ़ना चाहिए ना कि उन्हें वैमनस्य की भावना के तहत हिंदू मुसलमान का अंतर सिखाया जाए। कम से कम धार्मिक देश भाव को विद्यालयों से दूर रखा जाए और बच्चों को धर्म के प्रति नफरत सीखने की जगह राष्ट्रीय प्रेम एवं धार्मिक सौहार्द की शिक्षा दी जाए।

# ऊधमबाज़ी से रुआंसा हुआ चंद्रयान

**भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने अब हमें इतना जागरूक तो बना ही दिया है कि हम जानें भी और मानें भी कि इसरो के अब तक के 89 उपग्रह मिशनों में से 47 का लॉच नरेंद्र भाई मोदी के नौ साल में हुआ है। यानी इसरो की स्थापना के बाद 52 बरस में सिर्फ़ 42 सैटेलाइट लॉच हुए झ हर सवा साल में एक; और, नरेंद्र भाई के राज में हर साल पांच से ज़्यादा। नरेंद्र भाई के पहले 13 लोग देश के प्रधानमंत्री बने, पर सब ऊंघते रहे। आप कहते रहिए कि नरेंद्र भाई के आगमन के बाद हमारे अंतरिक्ष कार्यक्रमों का बजट घटा है, लेकिन सच्चाई तो यही है कि विज्ञान की हमारी दुनिया के भाग्य तो 2014 के बाद ही खुले हैं। कोई समझा हो, न समझा हो, मैं तो साढ़े चार बरस पहले ही समझ गया था कि अब आकाश–जगत में भारत को विश्व–गुरु बनने से कोई नहीं रोक पाएगा। फरवरी 2019 में जिस दिन प्रधानमंत्री जी ने पाकिस्तानी सरहद में बने आतंकवादी अड्डो पर सर्जिकल स्ट्राइक की तारीख़ मौसम की खराबी की वज़ह से बदलने की इजाज़त नहीं दी और कहा कि बादल और बरसात हैं तो और भी अच्छा है।**

**पंकज शर्मा**

चंद्रयान–3 जितने हौले–से चंद्रमा की सतह पर उतरा, हमारी सत्तारूढ़–मंडली इसकी श्रेय की कलगी ज़िल्ल–ए–सुब्हानी के साफे पर टांकने को उतने ही ज़ोर से लपकी।ज् दरअसल हमें हर बात पर बस ऊधम मचाना है। रीति–रिवाज़ पर, धर्म पर, भाषा पर, खानपान पर, गाय पर, चीते पर, राजचिह्न पर, सेंगोल पर, संविधान की धाराओं पर, संसद के निर्माण पर, वंदेभारत रेल पर, प्रगति मैदान की सुरंग पर, सिर्फ़ ऊधमी बिगुल बजाना है। छिप–छिपा कर और खुलेआम किए गए अपने हर करतब के बखान की ध्वनि को डेढ़ सौ डेसिबल तक पहुंचाने के लिए जी–जान एक कर देना है। ज् चंद्रयान–3 जितने हौले–से चंद्रमा की सतह पर उतरा, हमारी सत्तारूढ़–मंडली इसकी श्रेय की कलगी ज़िल्ल–ए–सुब्हानी के साफे पर टांकने को उतने ही ज़ोर से लपकी।



चंद्रयान–3 चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की सतह पर जितने हौले–से उतरा, हमारी सत्तारूढ़–मंडली इस के समूचे श्रेय की कलगी ज़िल्ल–ए–सुब्हानी के साफे पर टांकने को उतने ही ज़ोर से लपकी। ताबेदार अपने सुल्तान के मन की बात न जानें तो काहे के ताबेदार? फिर ज़िल्ल–ए–सुब्हानी स्वयं भी कौन–से संकोची हैं? एक दशक में संसार की सारी रोशनी का किरण–केंद्र उन्होंने जैसे ख़ुद पर कर रखा है, उस की चुधियाहट में कोई और किसी को दिखाई ही कहां दे रहा है? सो, छोटे परदे और अख़बार के पन्नों के आधे से ज़्यादा हिस्से पर पर हम ने अपने प्रजापालक को पसरे देखा और चंद्रयान बेचारा चंदामामा की गोद में सिकुड़ कर छुप गया।

ब्रिक्स की बेइंतिहा मसरूफ़ियत के बावजूद अपना अमूल्य समय निकाल कर हमारे सुल्तान ने इसरो के प्रमुख श्रीधर पणिक्कर सोमनाथ को याद दिलाया कि उन के तो नाम में ही 'सोम' है, सो, सोमनाथ के होते चंद्रयान भला कैसे चांद पर न उतरता? भगवान शिव के प्रति अपने प्रधानमंत्री के ऐसे भक्तिभाव ने मुझे गदगद कर दिया। विज्ञान की उपलब्धियों को अध्यात्म की छुअन दे कर सोने पर सुहागा करने की जैसी विलक्षण कला नरेंद्र भाई मोदी में है, मैं ने तो किसी और में नहीं देखी। राजा दक्ष प्रजापति के श्राप से मुक्ति पाने के लिए चंद्र देवता ने शिव को अपना स्वामी मान कर पृथ्वी पर जहां तपस्या की थी, वह जगह गुजरात के सौराष्ट्र में है। चंद्र देवता ने शिव से वहां ज्योतिर्लिंग के रूप में स्थापित होने का आग्रह किया। बारह ज्योतिर्लिंगों में से यही पहला है झ सोमनाथ।

मैं भी पूरी आस्था से यह बात मानता हूं कि विज्ञान–फिज्ञान अपनी जगह है, मगर अगर ईश्वर साथ न हो तो सफलता नहीं मिलती। इसलिए हमें अपने चंद्रयान अभियान की भावी श्रंखलाओं को भी सफल बनाने के लिए यह ध्यान रखना बेहतर होगा कि इसरो के सभी अगले प्रमुखों के नामों में रुद्र, पशुपति, महेश्वर, वामदेव, शंकर, श्रीकंठ, अंबिकानाथ, गंगाधर, जटाधर, विश्वेश्वर, मृत्युजय जैसे शब्दों का समावेश हो। ऐसा होगा तो चंद्रयानों की झड़ी लग जाएगी।

भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने अब हमें इतना जागरूक तो बना ही दिया है कि हम जानें भी और मानें भी कि इसरो के अब तक के 89 उपग्रह मिशनों में से 47 का लॉच नरेंद्र भाई मोदी के नौ साल में हुआ है। यानी इसरो की स्थापना के बाद 52 बरस में सिर्फ़ 42 सैटेलाइट लॉच हुए झ हर सवा साल में एक; और, नरेंद्र भाई के राज में हर साल पांच से ज़्यादा। नरेंद्र भाई के पहले 13 लोग देश के प्रधानमंत्री बने, पर सब ऊंघते रहे। आप कहते रहिए कि नरेंद्र भाई के आगमन के बाद हमारे अंतरिक्ष कार्यक्रमों का बजट घटा है, लेकिन सच्चाई तो यही है कि विज्ञान की हमारी दुनिया के भाग्य तो 2014 के बाद ही खुले हैं।

कोई समझा हो, न समझा हो, मैं तो साढ़े चार बरस पहले ही समझ गया था कि अब आकाश–जगत में भारत को विश्व–गुरु बनने से कोई नहीं रोक पाएगा। फरवरी 2019 में जिस दिन प्रधानमंत्री जी ने पाकिस्तानी सरहद में बने आतंकवादी अड्डो पर सर्जिकल स्ट्राइक की तारीख़ मौसम की खराबी की वज़ह से बदलने की इजाज़त नहीं दी और कहा कि बादल और बरसात हैं तो और भी अच्छा है, क्योंकि पाकिस्तान के राडार हमारे विमानों को पकड़ नहीं पाएंगे; मैं तो उसी दिन से लंबी चादर तान कर निश्चिंत सो रहा हूं। काहे का इसरो? काहे के वैज्ञानिक? चंद्रयान का चांद पर अवतरण हमारे मौजूदा राजनीतिक नेतृत्व की प्रज्ञा और कौशल की उपलब्धि है। पहले के प्रधानमंत्रियों की तरह अगर नरेंद्र भाई भी तंद्राभिभूत होते तो क्या हम चांद पर उतरने वाला चौथा और उस के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बनते?


आज़ादी के बाद 1948–49 में भारत सरकार का बजट 197 करोड़ रुपए का था। पंडित जवाहरलाल नेहरू तब कसामुसी के चलते विज्ञान परियोजनाओं के लिए सिर्फ़ एक करोड़ 10 लाख रुपए आवंटित कर पाए थे। यानी बजट का तकरीबन आधा प्रतिशत। मगर जब नेहरू के कार्यकाल के आख़ीर में देश का बजट 1700 करोड़ रुपए हो गया तो विज्ञान परियोजनाओं के लिए उन्होंने 85 करोड़ रुपए रखे। यानी पांच प्रतिशत। एक करोड़ से 85 करोड़ रुपए तक का इज़ाफ़ा। यह 15 साल में 85 गुना बढ़ोतरी ही हुई न? और, अब हाल क्या है? आज जब देश का बजट करीब साढ़े 39 लाख करोड़ रुपए का है, विज्ञान परियोजनाओं के लिए नरेंद्र भाई ने 14217 करोड़ रुपए दिए हैं। यानी आधा प्रतिशत से भी कम। मगर फिर भी नेहरू विज्ञान को ले कर आलसी थे और नरेंद्र भाई ने विज्ञान परियोजनाओं को ऐसी रफ़्तार दे दी है कि भूतो न भविष्यति। यही बात मैं ने चंद्रयान पर हुई टेलीविजन बहसों में कह दी तो नरेंद्रोन्मुख बहसबाज़ तो बहसबाज़, गिलगिल करने वाले टीवी–सूत्रधार भी शाब्दिक ताडव करने लगे।

चंद्रशेखर वेंकट रामन, होमी जहांगीर भाभा, विक्रम साराभाई, हरगाविंद खुराना, सतीश धवन, शांतिस्वरूप भटनागर, एपीजे अब्दुल कलाम, वग़ैरह आज होते तो विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में हासिल हो रही उपलब्धियों के नाम पर पिछले कुछ वक्त से हो रही सियासत को देख कर अपना सिर पीट रहे होते। ठीक है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति विकास परियोजनाओं को गति देने का प्रमुख घटक है। लेकिन प्रतिकूल परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य हासिल करने के अदम्य हौसले के लिए अपने वैज्ञानिकों, अपने सैन्यबलों, अपने श्रमिकों, अपने कृषकों, अपने शिक्षाविदों और समाज के समूचे क्षितिज को संभाले बैठे नायक–नायिकाओं के अनुगमन की भावना के बजाय उन के श्रेय में सेंधमारी की नीयत रखना, आप ही बताइए, अक्षम्य है या नहीं? उन के स्वेद–बिंदुओं से स्वयं की सूरत संवारने का सिलसिला समाप्त होना चाहिए या नहीं?

पिछले एक दशक में ऊधमबाज़ी की बढ़ती प्रवृत्ति ने हमारे सकारात्मक प्रतिफलों के उत्सवों को भी हो–हल्ले में तब्दील कर दिया है। अब हम अपने अर्जन–सृजन के संगीत का आनंद लेने को नहीं थिरकते हैं, लाल रोशनी और नीले धुएं का अंबार लगा कर चिल्लपों में डूबते–उतरते हैं। हमें हर बात पर बस ऊधम मचाना है। रीति–रिवाज़ पर, धर्म पर, भाषा पर, खानपान पर, गाय पर, चीते पर, राजचिह्न पर, सेंगोल पर, संविधान की धाराओं पर, संसद के निर्माण पर, वंदेभारत रेल पर, प्रगति मैदान की सुरंग पर, सिर्फ़ ऊधमी बिगुल बजाना है। छिप–छिपा कर और खुलेआम किए गए अपने हर करतब के बखान की ध्वनि को डेढ़ सौ डेसिबल तक पहुंचाने के लिए जी–जान एक कर देना है।

सो, थोड़े दिनों के लिए चंद्रयान का बहाना भी मिल गया। साप्ताहिक आयोजनों के ज़रिए अपनी प्रजा का दिल बहलाए रखने वाले ज़िल्ल–ए–सुब्हानी के झोले में काले जादू की पुड़ियाओं का ढेर है। उन के झोले से निकलने वाली अगली पुड़िया का इंतज़ार कीजिए। ये किसी नीम–हकीम की नहीं, एक खांटी–हाकिम की पुड़ियाएं हैं। इन पुड़ियाओं ने आप का आधे से अधिक विचार–कल्प कर दिया है। आप मदहोशी में अगर ऐसे ही तंद्राग्रस्त बने रहेंगे तो आप का बचा–खुचा चिंतन–कल्प भी आने वाले वक्त में हो जाएगा। लेकिन मैं करवट लेते समय की आहट सुन रहा हूं। आप भी ज़रा ध्यान से कान लगाइए। शायद आप को भी यह आहट सुनाई दे।

# क्या आप भी करते हैं सोशल मीडिया का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल तो हो जाएं सावधान, इस बीमारी का बढ़ सकता है खतरा



क्या आप भी उन लोगों में से हैं जो सोशल मीडिया का बहुत ज्यादा इस्तेमाल करते हैं, तो अब आपको सावधान हो जाने की जरूरत है क्योंकि यह संकेत देता है कि आप इन्फ्लेमेशन की समस्या से जूझ रहे हैं और जब यह इन्फ्लेमेशन बढ़ जाती है तो कई गंभीर रोगों को भी पैदा कर सकती है. ऐसा हम यूं ही नहीं कह रहे हैं बल्कि एक नई रिसर्च से पता चला है की जो लोग इन्फ्लेमेशन से पीड़ित होते हैं, वह दोस्तों और परिवार के साथ बातचीत करने की उम्मीद में सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताते हैं.

ये है सोशल मिडिया एडिक्शन का नुकसान

जब भी कोई इंसान बीमार होता है, तो वह घर पर रहकर अपना समय बितता है, लेकिन इस समय लोग सोशल मीडिया का सबसे ज्यादा इस्तेमाल करते हैं. अब यही बात स्टडी में भी साबित हुई है कि जो लोग सोशल मीडिया पर बहुत ज्यादा समय बिताते हैं वह इन्फ्लेमेशन की समस्या से परेशान हो सकते हैं.

क्या कहती है नई रिसर्च

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और जब भी वह बीमार होता है या घायल होता है तो ऐसे लोगों की तलाश करता है, जिससे वह अपना दर्द बांट सके, इसलिए इन्फ्लेमेशन या किसी बीमारी से जूझ रहे व्यक्ति को सोशल मीडिया की बहुत तलब होती है. न्यूयॉर्क की यूनिवर्सिटी ऑफ बफेलो में कम्युनिकेशन प्रोफेसर ने एक रिसर्च की जिसमें पाया गया कि जब शरीर सूजन और अन्य बीमारियों को ठीक करने में असहाय महसूस करता है, तो लोग अपने फोन को देखने में अधिक समय बिताते हैं, ताकि वह अपने दोस्तों और परिवार से बात कर सकें.

शरीर में क्यों होती है सूजन की समस्या

इन्फ्लेमेशन या सूजन की समस्या शरीर में आम होती है लेकिन जब यह इन्फ्लेमेशन बहुत ज्यादा बढ़ जाती है या लंबे समय तक बनी रहती है, तो कई बीमारियों को जन्म देती है. इससे ऑटोइम्यून डिजीज का खतरा होता है, इतना ही नहीं ब्लड प्रेशर, हार्ट डिजीज, फेफड़ों के रोग जैसे अस्थमा की समस्या भी इन्फ्लेमेशन के कारण हो सकती है.

# ब्रिक्स तो चीन का ही फ्रंट है

**हरिशंकर व्यास**

चंद्रयान–तीन की सफलता, राष्ट्रवाद के उफान और मोदी के विश्व नेतृत्व के बीच यह नहीं देखा जा रहा है कि पांच देशों के समूह ब्रिक्स के विस्तार की कूटनीति असल में चीन की कूटनीति का हिस्सा है। ब्रिक्स उसी तरह से चीन का फ्रंट है, जैसे शंघाई सहयोग संगठन है। एक एक करके जिस तरह से शंघाई सहयोग संगठन में नए सदस्य जुड़ रहे हैं और फिर उनको ब्रिक्स में जगह मिल रही है वह नई विश्व व्यवस्था में चीन की जगह मजबूत करने वाला साबित हो सकता है।

मिसाल के तौर पर कुछ समय पहले ही ईरान को शंघाई सहयोग संगठन का सदस्य बनाया गया और अब जोहान्सबर्ग में उसको ब्रिक्स का पूर्ण सदस्य बनाने का फैसला भी हो गया। इसमें संदेह नहीं है कि ईरान के साथ भारत के संबंध भी अच्छे हैं और भारतीय मुद्रा में उसके साथ भारत का कारोबार चलता रहा है। लेकिन ऐसा नहीं है कि भारत ने उसको एससीओ या ब्रिक्स में शामिल कराने की पहल की है।

भले अभी कुछ भी कहा जाए लेकिन थोड़े समय पहले तक भारत ब्रिक्स के विस्तार के समर्थन में नहीं था। तभी अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने इस तरह की खबरें दी थीं। यह अनायास नहीं है कि ब्रिक्स के विस्तार को साइनोफोबिया यानी चीन के प्रति भय की तरह पेश किया गया। यह कहा गया कि ब्रिक्स का विस्तार करके चीन अपना प्रभाव बढ़ाना चाहता है।

ब्रिक्स में शामिल भारत और ब्राजील दोनों के बारे में कहा जा रहा था कि वे विस्तार के पक्ष में नहीं हैं। यह भी कहा जा रहा था कि ये दोनों देश पश्चिमी देशों खास कर अमेरिका को नाराज नहीं करना चाहते हैं। अभी जोहान्सबर्ग में हुए 15वें ब्रिक्स सम्मेलन में जिन छह देशों को इसका सदस्य बनाया गया है उनमें से अर्जेंटीना के बारे में कहा जा रहा था कि वह इसका हिस्सा बनने के लिए इच्छुक नहीं था।

लेकिन चीन ने ब्राजील के राष्ट्रपति लूला की मदद से उसको तैयार कराया कि वह ब्रिक्स का सदस्य बने। ईरान और इंडोनेशिया का नाम पहले से तय बताया जा रहा था लेकिन किसी कारण से इंडोनेशिया को इस बार नहीं शामिल किया गया। छह में से चार इस्लामिक देश इसका हिस्सा बने हैं।

हालांकि इनमें से सऊदी अरब, मिस्र और संयुक्त अरब अमीरात पर अमेरिका का असर है और उनकी कूटनीति व अर्थनीति दोनों अमेरिका के साथ जुड़ी है। लेकिन चीन को पता है कि अगर आने वाले दिनों में टकराव बढ़ता या सचमुच दुनिया सभ्यताओं के संघर्ष की ओर बढ़ेगी तो ये इस्लामी देश अंततः उसके साथ आएंगे।

ध्यान रहे छह नए देशों में से चार इस्लामिक मुल्क हैं और इथियोपिया में भी 30 फीसदी से ज्यादा आबादी मुस्लिम है। यह भी तथ्य है कि इन सभी छह नए देशों में चीन का बहुत बड़ा निवेश है। यह सही है कि इनके साथ भारत के भी अच्छे संबंध हैं लेकिन चीन के साथ इन देशों की अर्थव्यवस्था जुड़ी है।

अमेरिका और यूरोपीय देशों को भारत से खतरा नहीं है, बल्कि वे भारत की मदद से चीन के खतरे को काबू करने की सोच रहे हैं और इसलिए भारत को ज्यादा महत्व दे रहे हैं। लेकिन उनको भी लग रहा है कि ब्रिक्स का विस्तार जी–सात, नाटो या यूरोपीय संघ के लिए चुनौती है। वे इसे इन तीनों संगठनों के विकल्प के तौर पर चीन के प्रयास के रूप में देख रहे हैं।

इसका कारण यह भी है कि ब्रिक्स एक राजनीतिक व कूटनीतिक संगठन के तौर पर तो मजबूत हो ही रहा है साथ ही ब्रिक्स बैंक यानी न्यू डेवलपमेंट बैंक भी बहुत मजबूत हो रहा है। ब्रिक्स में छह नए देशों को शामिल करने से पहले ही संयुक्त अरब अमीरात, बांग्लादेश और मिस्र को इसका सदस्य बनाया गया है और लैटिन अमेरिकी देश उरुग्वे को सदस्य बनाने की प्रक्रिया चल रही है। इस साल मई तक एक सौ के करीब अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं के लिए ब्रिक्स बैंक ने करीब 33 अरब डॉलर का कर्ज सदस्य देशों को दिया था। अगर ब्रिक्स में नए सदस्य जुड़ते हैं और साथ साथ ब्रिक्स बैंक के देशों की सदस्यता बढ़ती है तो इसके लिए पूंजी जुटाने और सदस्य देशों की परियोजनाओं के लिए फंडिंग करने में भी आसानी होगी। तभी न्यू डेवलपमेंट बैंक को पश्चिमी देशों की फंडिंग से चलने वाली अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं जैसे विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के लिए चुनौती की तरह देखा जा रहा है।

अभी एक दर्जन से ज्यादा देश ब्रिक्स की सदस्यता मिलने की उम्मीद कर रहे हैं। तभी अमेरिका और यूरोपीय देश इसे लेकर चिंता में हैं तो दूसरी ओर चीन अफ्रीका व लैटिन अमेरिका में अपने सहयोगी देशों की मदद से इसे आगे बढ़ा रहा है। भारत महाशक्तियों के इस खेल में क्या भूमिका निभा पाएगा यह कहना अभी मुश्किल है।

**ब्रिक्स में शामिल भारत और ब्राजील दोनों के बारे में कहा जा रहा था कि वे विस्तार के पक्ष में नहीं हैं। यह भी कहा जा रहा था कि ये दोनों देश पश्चिमी देशों खास कर अमेरिका को नाराज नहीं करना चाहते हैं। अभी जोहान्सबर्ग में हुए 15वें ब्रिक्स सम्मेलन में जिन छह देशों को इसका सदस्य बनाया गया है उनमें से अर्जेंटीना के बारे में कहा जा रहा था कि वह इसका हिस्सा बनने के लिए इच्छुक नहीं था। लेकिन चीन ने ब्राजील के राष्ट्रपति लूला की मदद से उसको तैयार कराया कि वह ब्रिक्स का सदस्य बने। ईरान और इंडोनेशिया का नाम पहले से तय बताया जा रहा था लेकिन किसी कारण से इंडोनेशिया को इस बार नहीं शामिल किया गया। छह में से चार इस्लामिक देश इसका हिस्सा बने हैं। हालांकि इनमें से सऊदी अरब, मिस्र और संयुक्त अरब अमीरात पर अमेरिका का असर है और उनकी कूटनीति व अर्थनीति दोनों अमेरिका के साथ जुड़ी है। लेकिन चीन को पता है कि अगर आने वाले दिनों में टकराव बढ़ता या सचमुच दुनिया सभ्यताओं के संघर्ष की ओर बढ़ेगी तो ये इस्लामी देश अंततः उसके साथ आएंगे।**

# बिना ब्रश किए पानी पीना सही है? कहीं सेहत खराब तो नहीं कर देगी ये गंदी आदत

शरीर के लिए पानी कितना ज्यादा जरूरी है यह बात किसी से छिपी नहीं है. बहुत सारी पेट की बीमारी और खुद को हाइड्रेट रखने के लिए पानी बहुत ज्यादा जरूरी है. डॉक्टरों के मुताबिक रोजाना 8–10 गिलास पानी पीना चाहिए. लेकिन कई लोग सुबह ब्रश करने से पहले बासी मुंह पानी पीते हैं. आज हम जानेंगे क्या ऐसा करना सच में सेहत के लिए फायदेमंद है.

**ब्रश करने से पहले पानी पीने के फायदे**

**डाइजेशन होता है बेहतर** अगर आप ब्रश करने से पहले बासी मुंह पानी पीते हैं तो ऐसा करने से आपकी पाचन शक्ति अच्छी होती है. साथ ही आपका खाना आसानी से पच जाता है. शरीर में जमी कई बीमारियां जैसे– आलस आना, पिंपल्स होना, पेट की बीमारी, अनपच की दिक्कत, अगर आप बासी मुंह बिना ब्रश किए पानी पीते हैं तो आपके शरीर की गंदगी निकल जाती है.

**सुबह के वक्त शरीर को हाइड्रेट रखना बेहद जरूरी है**

सोने के दौरान यानि 7–8 घंटे के बीच तो हम पानी पीते नहीं है. ऐसे में आपको सुबह उठकर सबसे पहले पानी पीना चाहिए.ताकि आपका शरीर सबसे पहले हाइड्रेट रहे.

**मुंह में बैक्टीरिया नहीं होता है जमा**

मुंह में जमे जितने भी जर्म्स होते हैं. बासी मुंह पानी पीने से मुंह जर्म फ्री हो जाते हैं.

इम्युनिटी बढ़ती हैअगर आप बासी में पानी पिएंगे तो आपकी इम्युनिटी बढ़ेगी. आपको जल्दी–



जल्दी कोल्ड या कफ नहीं होगा. इससे बाल भी हेल्दी होते हैं. सुबह बासी मुंह पानी पीने से आप हाई बीपी और शुगर जैसी बीमारी से बच सकते हैं. साथ ही सुबह अगर आप पानी पीते हैं तो आप मोटापे जैसी समस्या से बच सकते हैं. अगर आपको वजन कम करना है तो बासी मुंह जरूर पानी पिएं. सुबह बासी मुंह पानी पीना अच्छा माना जाता है. **मुंह से बदबू नहीं आती है** ड्राई माउथ के कारण मुंह से बदबू आती है. ऐसे में अगर आप सुबह उठकर बासी मुंह से पानी पिएंगे तो आप कई तरह के समस्या से बच सकते हैं. ड्राई माउथ की समस्या तब होती है जब आप जरूरत के हिसाब से पानी नहीं पीते हैं, इसलिए सुबह उठकर पानी जरूर पानी पीना चाहिए.

# वनडे रैंकिंग में टॉप पर पहुंची पाकिस्तान, भारत से इतने प्वाइंट्स है आगे




कोलंबो ,पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट टीम अफगानिस्तान के खिलाफ क्लीन स्वीप के बाद वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई। अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज 3–0 से जीतने के बाद पाकिस्तान के अब वनडे रैंकिंग में 2725 प्वाइंट्स और 118 रेटिंग हो गई है। पाकिस्तान की टीम आईसीसी वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई है। वहीं दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया है। ऑस्ट्रेलिया के 2714 प्वाइंट्स और 118 रेटिंग है। वहीं भारत के 4081 प्वाइंट्स और 113 रेटिंग है. टीम इंडिया वनडे रैंकिंग में तीसरे स्थान पर है।

पाकिस्तान क्रिकेट द्वारा एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कप्तान बाबर आजम और कोच मिकी आर्थर ने टीम को संबोधित किया और सीरीज जीत का जश्न मनाया। टीम को संबोधित करते हुए बाबर ने कहा, अगर हम वनडे क्रिकेट में नंबर–1 टीम बने हैं तो यह हमारी कड़ी मेहनत का नतीजा है। सीरीज की जीत निश्चित रूप से एक बहुत ही शानदार एहसास है और हमने एक साथ खेलते हुए जो एकता दिखाई है, उसे हमें आगे भी जारी रखना होगा।

प्रत्येक व्यक्ति ने टीम के प्रति जो निस्वार्थता और प्रतिबद्धता दिखाई है वह वास्तव में टीम के लिए बहुत अच्छा है। इस जीत का आनंद लीजिए, लेकिन यह मत भूलिए कि चार दिन बाद हमें एशिया कप खेलना है और हमें इस लय को आगे भी जारी रखना है। इस टीम के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि यहां कोई भी व्यक्तिगत रिकॉर्ड के बारे में बात नहीं करता है, सभी एक टीम के रूप में खेलते हैं और यह बहुत खास है।

अपनी जिम्मेदारी पर आजम ने कहा कि उन्हें प्रत्येक खिलाड़ी पर नजर रखने और टीम का मनोबल बढ़ाने की जरूरत है। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज खेली और इसे 3–0 से जीत लिया।

इसी वीडियो में, कोच मिकी आर्थर ने भी नंबर–1 वनडे रैंकिंग पर अपनी भावना व्यक्त की और कहा, मुझे पता है कि वनडे क्रिकेट में नंबर–1 टीम होने का अहसास बेहद खास है, लेकिन इसे कभी भी हल्के में न लें। आप सभी ने इसके लिए कड़ी मेहनत की है और यह आपकी उपलब्धि है। इसलिए जितना हो सके इसका आनंद लें तथा और अधिक के लिए मेहनत करते रहें।

## चौथे नंबर के लिये परफेक्ट हैं विराट कोहली: एबी डिविलियर्स

नयी दिल्ली, दक्षिण अफ्रीका के महान क्रिकेटर एबी डिविलियर्स का मानना है कि विश्व कप में भारत के लिये चौथे नंबर पर विराट कोहली सर्वश्रेष्ठ विकल्प हैं क्योंकि वह मध्यक्रम में हर भूमिका निभाकर पारी के सूत्रधार बन सकते हैं । युवराज सिंह के क्रिकेट से संन्यास के बाद से भारत को चौथे नंबर के लिये सही विकल्प नहीं मिला है । दो महीने बाद भारत में वनडे विश्व कप होना है और इस क्रम को लेकर बहस जारी है । डिविलियर्स ने कहा , हम अभी भी यह बात कर रहे हैं कि भारत के लिये चौथे नंबर पर कौन उतरेगा । मैने सुना है कि विराट उतर सकता है । मैं भी इसका समर्थक हूं ।'उन्होंने कहा, विराट चौथे नंबर के लिये परफेक्ट हैं । वह पारी का सूत्रधार बन सकता है और मध्यक्रम में हर भूमिका निभाने में सक्षम है । उन्होंने कहा , हमें पता है कि उसे तीसरे नंबर पर उतरना पसंद है । उसने अपने सारे रन उसी क्रम पर बनाये हैं लेकिन आखिर में अगर टीम आपसे कोई विशेष भूमिका चाहती है तो आपको उसे निभाना होता है । कोहली ने चौथे नंबर पर भी 39 पारियों में 1767 रन बनाये हैं । वह हालांकि आखिरी बार चौथे नंबर पर जनवरी 2020 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ मुंबई में खेले थे । एशिया कप के लिये लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को भारतीय टीम से बाहर किये जाने से निराश डिविलियर्स ने कहा , चहल को बाहर किया गया है । चयनकर्ताओं ने संकेत दे दिये हैं कि वे किसे चुनेंगे । मैं इससे निराश हूं । युजी उम्दा गेंदबाज है और टीम में लेग स्पिन का विकल्प होना ही चाहिये ।

# चेल्सी ने न्यू इंग्लैंड के गोलकीपर जोर्डजे पेट्रोविच के साथ अनुबंध किया



लंदन ,प्रीमियर लीग क्लब चेल्सी ने एमएलएस की टीम न्यू इंग्लैंड रिवोल्यूशन से सर्बियाई गोलकीपर जोर्डजे पेट्रोविच के साथ अनुबंध पूरा कर लिया है।

पेट्रोविच एक और वर्ष के क्लब विकल्प के साथ सात साल के सौदे पर एमएलएस से चले गए हैं और चेल्सी के ग्रीष्मकालीन ट्रांसफर विंडो पर हस्ताक्षर करने वाले 15वें खिलाड़ी बन गए हैं।

पेट्रोविच ने चेल्सी की आधिकारिक वेबसाइट को बताया, यह मेरे लिए एक बड़ा कदम है और दुनिया के सबसे बड़े क्लबों में से एक के लिए साइन करना मेरा हमेशा से एक सपना रहा है। आज मैंने वह लक्ष्य हासिल कर लिया है और मैं बहुत खुश हूं। प्रीमियर लीग में खेलना कुछ ऐसा है जो मैं कर रहा हूं। वास्तव में ऐसा करने के लिए उत्सुक हूं और मुझे यहां चेल्सी में कई चीजें सीखने की उम्मीद है। मैं हर किसी से मिलने और स्टैमफोर्ड ब्रिज में खेलने के लिए इंतजार नहीं कर सकता।

23 वर्षीय, जिसे सर्बिया द्वारा दो बार कैप किया गया है, ने न्यू इंग्लैंड के लिए एमएलएस में 43 बार खेला है। उन्होंने 2022 अभियान के दौरान 21 मैच खेले और उन्हें एमएलएस न्यूकमर ऑफ द ईयर अवार्ड और एमएलएस गोलकीपर ऑफ द ईयर के लिए नामांकित किया गया।सर्बियाई अंतर्राष्ट्रीय के साथ हस्ताक्षर के साथ, ब्लूज़, सऊदी प्रो लीग में एडोर्ड मेंडी के अल–अहली में जाने, रियल मैड्रिड के लिए ऋण पर केपा अरिज़ाबलागा और केएएस यूपेन के लिए ऋण पर गेब्रियल स्लोनिना के जाने के बाद अपने गोलकीपिंग विभाग में अधिक गहराई जोड़ रहे हैं।

चेल्सी का अगला प्रीमियर लीग मैच 2 सितंबर को नॉटिंघम फ़ॉरेस्ट में होगा।

# विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय पुरुष टीम ने मचाई सनसनी

## 4 बाई 400 मीटर रिले में बनाया एशियाई रिकॉर्ड



बुडापेस्ट ,भारतीय पुरुष 4म400 मीटर रिले टीम ने यहां विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सनसनी मचा दी और सेमीफाइनल हीट में संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर रही, मगर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर एशियाई रिकॉर्ड बनाया। जैसे ही प्रतियोगी पुरुषों की 4 बाई 400 मीटर रिले दौड़ में पहले सेमीफाइनल के अंतिम चरण में पहुंचे, स्टेडियम में हलचल मच गई, क्योंकि भारत फिनिश लाइन के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ कड़ी टक्कर ले रहा था।

हालांकि ट्रेवर बैसिट, मैथ्यू बोलिंग, क्रिस्टोफर बेली और जस्टिन रॉबिन्सन की यूएसए टीम अंततः 2:58.47 में हीट जीतने के लिए आगे बढ़ी, लेकिन भारत 2.59.05 के एशियाई रिकॉर्ड के साथ दूसरे स्थान पर रहा। मुहम्मद अनस याहिया, अमोज जैकब, मुहम्मद अजमल वरियाथोडी और राजेस रमेश की भारतीय चौकड़ी ने 3 मिनट से भी कम समय में एक नया एशियाई रिकॉर्ड स्थापित करने के लिए शानदार दौड़ लगाई। भारतीय टीम ने पिछले साल अमेरिका के यूजीन में विश्व चैंपियनशिप में जापान द्वारा निर्धारित 2.29.51 के पिछले अंक में सुधार किया।

भारत के बाद ग्रेट ब्रिटेन और बोत्सवाना थे, दोनों ने 2.59.42 का समय निकाला। ब्रिटेन ने तीसरा स्वचालित क्वालीफाइंग स्थान हासिल किया, जबकि बोत्सवाना समय पर आगे बढ़ गया। जमैका ने दूसरा सेमीफाइनल 2.59.82 में जीता और फाइनल के लिए उनके पास व्यक्तिगत चैंपियन एंटोनियो वॉटसन होंगे। फ्रांस ने इटली और नीदरलैंड्स को पछाडक़र दूसरा स्थान प्राप्त किया, और ये सभी फ़ाइनल में पहुंचे। लेकिन शनिवार को सारा ध्यान भारतीय टीम पर था, क्योंकि वह स्प्रिंट पावरहाउस जमैका से तेज टाइमिंग के साथ कुल मिलाकर दूसरे स्थान पर थी।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीम में चोटिल जोश टंग की जगह क्रिस जॉर्डन शामिल



लंदन ,इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोश टंग चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड की आगामी टी20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने उनके स्थान पर तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर क्रिस जॉर्डन को 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया है।

25 वर्षीय टंग को घरेलू गर्मियों में आयरलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट खेलने के बाद पहली बार इंग्लैंड के सफेद गेंद वाले मैचों में शामिल होने के लिए तैयार किया गया था। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने अपनी गति और मूवमेंट से सभी को प्रभावित करते हुए दो टेस्ट मैच खेलकर 10 विकेट लिए।

वह अब साथी अनकैप्ड गेंदबाज जॉन टर्नर के साथ चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 से बाहर हो गए हैं। जॉर्डन 87 मैचों में 96 विकेट के साथ टी20 में इंग्लैंड के अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

इंग्लैंड चेस्टर–ले–स्ट्रीट में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरुआती मैच के साथ चार मैचों की टी20 सीरीज की शुरुआत करेगा। इसके बाद 1, 3 और 5 सितंबर को मैनचेस्टर, बर्मिंघम और नॉटिंघम में मैच होंगे।

ईसीबी ने यह भी कहा कि बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन अपने दाहिने कंधे की हड्डी खिसकने के बाद ऑस्ट्रेलिया में महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के आगामी सीजन् में नहीं दिखेंगी। 24 वर्षीय सोफी को बुधवार को मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के द हंड्रेड के आखिरी मैच के लिए अभ्यास के दौरान कंधे में चोट लग गई।

ईसीबी ने कहा, ओल्ड ट्रैफर्ड में मैदान के बाहर उनकी मदद की गई और घायल कंधे के आगे के स्कैन के लिए उन्हें अस्पताल ले जाया गया। एक्लेस्टोन का दाहिना कंधा खिसक गया है। स्कैन और मूल्यांकन के बाद, वह महिला बिग बैश लीग से चूक जाएंगी।

वनडे और टी20 में शीर्ष क्रम की गेंदबाज सोफी को इंग्लैंड की श्रीलंका के खिलाफ 31 अगस्त से शुरू होने वाली आगामी टी20 और एकदिवसीय श्रृंखला के लिए पहले ही आराम दिया गया था, खेल में उनकी वापसी के लिए कोई समय सीमा उपलब्ध नहीं थी।

## फिल्मी दुनियां

# चिरंजीवी ने जन्मदिन पर किया अपनी नई फिल्म मेगा 157 का ऐलान, पहला पोस्टर भी जारी



दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने–माने अभिनेता चिरंजीवी ने अपने 68वां जन्मदिन के खास अवसर पर प्रशंसकों खुशखबरी दी। दरअसल, यूवी क्रिएशन्स ने चिरंजीवी की अगली फिल्म मेगा 157 की घोषणा कर दी है। इसका निर्देशन वशिष्ठ द्वारा किया जाएगा, जिन्होंने बिंबिसार के साथ अपने निर्देशन की शुरुआत की थी।इसके साथ निर्माताओं ने मेगा 157 का पहला पोस्टर जारी कर दिया है, जो काफी दिलचस्प लग रहा है।

यूवी क्रिएशन्स ने ट्विटर पर मेगा 157 का पहला पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, इस बार यह ब्रह्मांड से परे है। पांचों तत्व मेगास्टार के लिए एकसाथ इकट्ठा होंगे।इसके बाद उन्होंने अभिनेता को जन्मदिन की बधाई भी दी है। मेगा 157 यूवी क्रिएशन के बैनर तले और वी वामसी कृष्णा रेड्डी, प्रमोद उप्पलपति और विक्रम रेड्डी द्वारा बड़े पैमाने पर बनाई जाएगी। मेगा 157 चिरंजीवी के करियर की सबसे महंगी फिल्म होने वाली है।

जारी किया गया पोस्टर मंद रोशनी वाली गुफा की पृष्ठभूमि में एक रहस्यमय बिच्छू के साथ आगे की एक मनोरम यात्रा का संकेत देता है।

टैगलाइन में लिखा है, ब्रह्मांड सुंदर चीज़ों के घटित होने की साजिश रचता है। एक व्यक्ति हमें ब्रह्मांड को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है। अब यूवी क्रिएशंस द्वारा जारी मुख्य पोस्टर में पांच तत्वों का अभिसरण पौराणिक एलिमेंटल फोर्स को जन्म देता है, जिसे मेगास्टार के नाम से जाना जाता है।

बिम्बिसार के निर्देशक मल्लीडी वासिस्ता द्वारा निर्देशित मेगा157 में एमएम कीरावनी की संगीत प्रतिभा को प्रदर्शित किया जाएगा।

## कंटेंट के महत्व को अच्छे से समझता है ओटीटी : अदिति राव हैदरी

दिल्ली , जुबली, भूमि, ताज : डिवाइडेड बाय ब्लड और कई अन्य फिल्मों में अपने काम के लिए जानी जाने वाली एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी को लगता है कि ओटीटी कंटेंट के महत्व पर जोर देता है और कलाकारों को क्रिएटिव करने की आजादी देता है। अदिति ने पीरियड ड्रामा ताज : डिवाइडेड बाय ब्लड में अनारकली के रूप में अपने परफॉर्मेंस से दिल जीता। एक्ट्रेस ने हाल ही में कतर, दुबई और अबू धाबी में अपने फैंस के साथ मुलाकात की। आइकॉनिक किरदार निभाने के अपने एक्सपीरियंस साझा करते हुए अदिति ने कहा, ओटीटी के बारे में एक बात जो मुझे पसंद है, वह यह है कि यह राइटर्स, एक्टर्स और डायरेक्टर्स के लिए ज्यादा क्रिएटिविटी प्रदान करता है। यह कंटेंट के महत्व को समझता है। यही कारण है, मैंने ताज : डिवाइडेड बाय ब्लड पर काम करने का फैसला किया।

# डेब्यू से पहले ही शनाया कपूर ने चलाया हुस्न का जादू, अब इतने ग्लैमरस अंदाज में आईं नजर



बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर संजय कपूर की लाडली शनाया कपूर ने भी पिता की तरह एक्टिंग में अपना करियर तलाश लिया है.

काफी समय से शनाया के डेब्यू को लेकर खबरें आ रही हैं. उनकी फिल्मों के नाम तक ऐलान हो चुके हैं. दूसरी ओर शनाया का ऐसा जलवा इन दिनों देखने को मिल रहा है कि सोशल मीडिया पर उनके फॉलोअर्स की लिस्ट लगातार बढ़ती जा रही है. शनाया ने अपने स्टाइलिश और ग्लैमर का जादू अभी से चला दिया है.

शनाया इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहने लगी हैं. लगभग हर दिन उनका एक नया और स्टाइलिश फोटोशूट सामने आ जाता है. अब फिर से उन्होंने अदाएं दिखाते हुए कई फोटोज शेयर की हैं.

लेटेस्ट लुक में शनाया शॉर्ट व्हाइट स्कर्ट और मैचिंग का क्रॉप टॉप पहने हुए नजर आ रही हैं. इस को–ओर्ड सेट को उन्होंने काफी स्टाइलिश अंदाज में कैरी किया है.

शनाया ने यहां मिनिमल मेकअप रखा है. उन्होंने सटल बेस के साथ न्यूड ग्लॉसी लिप्स और स्मोकी आईज मेकअप किया है. इसके साथ उन्होंने मैसी हाई पोनीटेल बनाई है. वहीं, उनके चेहरे पर बिखरी जुल्फें उन्हें और अट्रैक्टिव बना रही हैं. शनाया ने अपने इस लुक को कैमरे के सामने फ्लॉन्ट करते हुए कई पोज दिए हैं.

# सलमान खान स्टारर टाइगर 3 में दिखेगा हॉलीवुड फिल्म निर्माता क्रिस्टोफर नोलन का कनेक्शन



सलमान खान की टाइगर 3 का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। जासूसी एक्शन फिल्म में इस बार हॉलीवुड का टच दिखाई देगा। इस फिल्?म के साथ ओपेनहाइमर बनाने वाले हॉलीवुड फिल्म निर्माता क्रिस्टोफर नोलन जुड़ गए हैं। प्रोडक्शन बैनर यशराज फिल्म्स के साथ हॉलीवुड एक्शन डायरेक्टर मार्क स्किजाक भी जुड़ गए है। मार्क ने पहले क्रिस्टोफर नोलन के साथ डनकर्क और द डार्क नाइट राइजेज जैसी फिल्?मों में काम किया है। एक सूत्र ने बताया, वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स हमारे देश की सबसे शानदार फ्रेंचाइजी है। इस यूनिवर्स ने हमेशा लोगों की कल्पना पर जीत हासिल की है। लेकिन जब आप टाइगर, पठान और वॉर के साथ ऐसा ट्राई करते है तो लोगों की उम्मीदें स्वाभाविक रूप से आसमान छू जाती हैं। वे देखना चाहते हैं कि उनके लिए क्या नया पेश किया जा रहा है। वाईआरएफ हर फिल्म के साथ ऊपर उठकर काम करता है। सूत्र ने आगे कहा, अगर आप टाइगर 3 में एक्शन निर्देशकों की लाइन–अप को देखेंगे, तो आपको एहसास होगा कि निर्माता आदित्य चोपड़ा और निर्देशक मनीष शर्मा ऐसा करने का इरादा रखते हैं।

# कार्तिक–कियारा की सत्यप्रेम की कथा ओटीटी पर हुई रिलीज, अमेजन प्राइम वीडियो पर दी दस्तक



कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की सत्यप्रेम की कथा को 29 जून को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। फिल्म ने भारत में 77.45 करोड़ रुपये का कारोबार किया था, जबकि दुनियाभर में फिल्म 100 करोड़ रुपये से अधिक बटोरने में सफल रही। अब सत्यप्रेम की कथा ने ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक दे दी है। ऐसे में जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, वह अब इसे ओटीटी पर देख सकते हैं।

ओटीटी प्लेटफॉर्म ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर सत्यप्रेम की कथा का पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, एक प्रेम कहानी जो टूटे हुए दिलों को जोडऩे और प्यार में हमारे विश्वास को फिर से जगाने के लिए है। इसमें गजराज राव, सुप्रिया पाठक, शिखा तलसानिया और राजपाल यादव जैसे कलाकार भी नजर आए।सत्यप्रेम की कथा को लगभग 60 करोड़ रुपये की लागत में बनाया गया था। इसका निर्देशन समीर विदवान्स ने किया है। कार्तिक ने कहा, सत्यप्रेम आज तक मेरे सबसे पसंदीदा किरदारों में से एक है और यह मेरे दिल के बहुत करीब है। सत्तू को पर्दे पर जीवंत करने का सफर एक अविश्वसनीय और समृद्ध अनुभव रहा है। यह एक अनोखी भूमिका थी। – जो सरल, ईमानदार और प्यार में पागल है। मुझे इस भावनात्मक रूप से भरे किरदार को निभाने में बहुत मजा आया और मैं फिल्म के पीछे की अविश्वसनीय टीम का हमेशा आभारी हूं।

कियारा ने आगे कहा, सत्यप्रेम की कथा मेरे दिल में एक बहुत ही विशेष स्थान रखती है। कथा की जटिलताओं और कमजोरियों को अपनाना और चित्रित करना काफी चुनौतीपूर्ण था, फिर भी एक पुरस्कृत अनुभव था। मुझे जो स्नेह और प्रशंसा मिली है – और अभी भी मिल रही है – कथा मेरी कल्पना से कहीं अधिक है।

जयन्त

संस्थापक

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

नागेन्द्र उनियाल

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com